वार्षिक प्रतिवेदन 2018-19

स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

जोधपुर - 342 304 (राजस्थान)

वार्षिक प्रतिवेदन

2018 - 2019

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

जोधपुर - 342 304 (राजस्थान)

संपादक एवं समन्वयक:

डॉ. बलवन्त सिंह राजपुरोहित
निदेशक, प्राथमिकता, निगरानी एवं मूल्यांकन

सम्पादक मण्डल:

डॉ. बी.आर. चौधरी, निदेशक अनुसंधान
डॉ. ईश्वर सिंह, निदेशक प्रसार शिक्षा
डॉ. बलवन्त सिंह राजपुरोहित, निदेशक शिक्षा
डॉ. एस.डी. रतनू, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर–पाली
डॉ. उम्मेद सिंह, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, मण्डोर–जोधपुर
डॉ. महेश पूनिया, अधिष्ठाता सह विशेष कार्य अधिकारी, कृषि महाविद्यालय, नागौर
डॉ. सीताराम कुम्हार, अतिरिक्त निदेशक (बीज)
डॉ. मदनमोहन कुमावत, उप निदेशक, प्रा. नि. व मूल्यांकन एवं शिक्षा
डॉ. दमा राम, सहायक निदेशक शिक्षा

प्रकाशक:

निदेशक, प्राथमिकता, निगरानी एवं मूल्यांकन
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
Email: drpmeaujodhpur@gmail.com

मुद्रक:

एवरग्रीन प्रिण्टर्स, जोधपुर 9414128647

विषय सूची

	प्राक्कथन	i
	कार्यकारी सारांश	iii
1.	संस्थान परिचय	1
2.	अनुसंधान निदेशालय	10
3.	प्रसार शिक्षा निदेशालय	22
4.	कृषि शिक्षा	
	(अ) कृषि महाविद्यालय, मण्डोर, जोधपुर	30
	(ब) कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर–पाली	40
	(स) कृषि महाविद्यालय एवं कृषि डिप्लोमा संस्थान, नागौर	49
5.	प्रकाशन	55
6.	पुरस्कार एवं सम्मान	62

प्राक्कथन

आज मैं अपने हृदय के अंतःकरण से अपने विचारों को प्रकट करते हुए कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर की जिन उद्देश्यों के लिये वर्ष 2013 में इसकी स्थापना हुई उन्हें वर्ष 2018 में सही रूप में प्राप्त करने के लियें सही शुरूआत करने के लिये विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्रों को उनके योगदान के लिये बधाई देता हूँ।

वर्ष 2018 में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा राज्य में उत्कृष्ठ आधारभूत ढ़ाँचे के विकास, आवश्यक अनुसंधान, गुणवत्तायुक्त शिक्षा और सुदृढ़ प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में किये गये अभूतपूर्व कार्यों की अमिट छाप छोड़ी है। कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में अतिप्रतिक्षीत मानव संसाधन का विकास यथा शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक वर्ग के पदों पर भर्ती की गई जो कि विश्वविद्यालय के भावी विकास में अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं। वर्ष 2018 में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में कई इकाईयों पर आधारभूत ढ़ाँचे विशेष रूप से विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालयों, कृषि विज्ञान केन्द्रों का विकास किया गया हैं, जिससे गुणवत्तायुक्त शिक्षा, अनुसंधान तथा विकसित की गई नवीन तकनीकियों का हस्तानान्तरण करने का एक बेहतर माहौल तैयार हो सकें। विश्वविद्यालय को विभिन्न संगठनों, संस्थानों जैसे आईसीएआर, विश्व बैंक, राज्य सरकार, बार्क एवं अन्य अंतराष्ट्रीय संस्थानों से विभिन्न अनुसंधान व विकास परियोजनाओं के शुरू होने के फलस्वरूप आर्थिक मदद प्राप्त हुई जिससे विश्वविद्यालय में बेहतर कार्यकुशलता, क्षमता निर्माण और बाहय संस्थानों से शैक्षणिक आदान–प्रदान के सम्बन्ध स्थापित हुए हैं। इस वर्ष विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर के किसान मेलों/प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जो कि एक पारस्पारिक संवादात्मक मंच था जिसमें नवीन तकनीकियों के आपसी आदान प्रदान और किसानों की समस्याओं का समुचित निराकरण किये जाने का प्रयास किया गया जिससे इस क्षेत्र में कृषि को समुचित ढंग से विकसित किया जा सके ताकि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत किया जा सके।

मुझे यह व्यक्त करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही हैं कि इस वर्ष से दो नवीन स्नातकोत्तर पाठयक्रम और तीन नवीन विद्यावाचस्पति पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय में प्रारंभ किये गये है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर तिल की अधिक उपज देने वाली नवीन किस्म आरटी 372 विकसित की गई जो कि विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि इस वर्ष रही है। इस क्षेत्र में कम बीज प्रतिस्थापन दर की समस्या के निराकरण हेतु बड़े पैमाने पर बाजरे, मूंग, तिल, जीरा सहित अन्य महत्वपूर्ण फसलों में गुणवत्ता बीज उत्पादन में मात्रात्मक वृद्धि वास्तविक रूप से इस क्षेत्र की समस्या को हल करने में निर्णायक भूमिका रखती है।

मुझे यह बताते हुऐ अत्यंत खुशी हो रही हैं कि विश्वविद्यालय में किये गये विभिन्न उत्कृष्ठ कार्यो को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है, जिनमें से कृषि अनुसंधान व विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिये प्रमुख रूप से मारवाड़ क्षेत्र का प्रख्यात वीर दुर्गादास पुरस्कार 2018 एवं फिक्की द्वारा सम्मानित Chemicals and Petrochemicals Award 2018 प्रमुख है।

मैं विश्वविद्यालय के हर एक व्यक्ति को जिसके प्रयासों के फलस्वरूप कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने वर्ष 2018 में बेजोड़ प्रगति की है उन्हें हृदय से धन्यवाद देता हूँ। मैं यह भी आशा करता हूँ कि आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय के विकास की गति और अधिक बढ़ेगी जिससे उत्कृष्ठ कृषि विद्वानों को तैयार करने, इस क्षेत्र हेतु विशिष्ट कृषि तकनीकियों को तैयार किया जायेगा जिससे यह विश्वविद्यालय शुष्क व अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में किये गये विभिन्न कार्यों के लिये एक मील का पत्थर साबित होगा।

(बलराज सिंह)
कुलपति
कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

कार्यकारी सारांश

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर की स्थापना राज्य के पश्चिमी क्षेत्रों में कृषि अनुसंधान, प्रसार शिक्षा एवं कृषि शिक्षा के क्षेत्रों में विकास, प्रचार–प्रसार के कार्यों को निष्पादित कर क्षेत्र की समग्र कृषि एवं कृषि आधारित क्रिया–कलापों का उन्नयन कर विकासोन्मुखी बनाने हेतु की गई हैं।

यह एक नव सृजित विश्वविद्यालय हैं, जो कि अपने शैशव काल से ही प्रगति की ओर अग्रसर हैं। विश्वविद्यालय के कार्य क्षेत्र में छः जिलों जोधपुर, बाड़मेर, पाली, जालोर, सिरोही एवं नागौर का भू–भाग आता हैं। कृषि जलवायु खण्डों के आधार पर यह क्षेत्र तीन भागों में विभक्त किया गया हैं। जोधपुर तथा बाड़मेर जिलों का भू–भाग 'शुष्क पश्चिमी मैदान खण्ड – I अ' के अंतर्गत आता हैं। जालोर, पाली, सिरोही (पिण्डवाड़ा तथा आबूरोड़ तहसील सम्मिलित नहीं) तथा जोधपुर की बिलाड़ा एवं भोपालगढ़ तहसील का भू–भाग 'लूणी नदी के संग्रहण क्षेत्र के परिवर्तनशील मैदान खण्ड – II ब' के अंतर्गत हैं। नागौर जिले का भू–भाग 'भीतरी जल निकास के मैदान खण्ड – II अ' के अंतर्गत हैं।

विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में जलवायुवीय परिस्थितियाँ कृषि के लिये काफी चुनौतीपूर्ण हैं। इस क्षेत्र में कम तथा अनियमित वर्षा, अधिक तापमान, तेज/गरम हवाएं इत्यादि कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं। शुष्क पश्चिमी मैदान खण्ड – I अ में औसत वर्षा 100 से 300 मि. मी., उच्चतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक रहता हैं। लूणी नदी के संग्रहण क्षेत्र के परिवर्तनशील मैदान खण्ड – II ब में औसत वर्षा 330 से 591 मि.मी. तथा अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 1 से 5 डिग्री सेल्सियस रहता हैं।

क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का 28 प्रतिशत भू–भाग इस विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में हैं। इस भू–भाग में औद्योगिकीकरण कम है तथा कृषि एवं पशुपालन ही आजीविका का मुख्य साधन हैं। इन कृषि जलवायु खण्डों में स्थित कृषकों को नवीनतम कृषि तकनीकी/प्रौद्योगिकी उपलब्ध करा कर उत्पादकता बढ़ाने, लागत घटाने, जल एवं मृदा जैसे प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग वैज्ञानिक पद्वति अपना कर कृषि के समग्र विकास हेतु दो कृषि अनुसंधान केन्द्र (मण्डोर–जोधपुर, केशवाना–जालोर) तथा तीन कृषि अनुसंधान उप–केन्द्रों (सुमेरपुर–पाली, समदड़ी–बाड़मेर तथा नागौर) पर कृषि अनुसंधान कार्य किया जा रहा हैं। इन केन्द्रों पर बाजरा, मूँग, मोठ, ग्वार, तिल, अरण्डी, सरसों, राजगीरा, गेंहूँ, जीरा, इसबगोल, मैथी इत्यादि फसलों पर अनुसंधान कार्य जारी हैं। मुख्य फसलों के अतिरिक्त निर्यात योग्य फसलें या उससे प्राप्त उत्पाद जैसे– जीरा, अरण्डी, मसालें एवं औषधीय महत्त्व वाली फसल इसबगोल पर अनुसंधान हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। उद्यानिकी फसलों जैसे–प्याज, लहसुन, गाजर, आलू पर भी अनुसंधान प्रारंभिक स्तर पर शुरू किया जा चुका हैं।

नवीनतम कृषि तकनीकों के प्रचार–प्रसार तथा आवश्यक आंशिक संशोधन हेतु विश्वविद्यालय के कृषि प्रसार शिक्षा निदेशालय के अधीनस्थ छः कृषि विज्ञान केन्द्र (मौलासर – नागौर, अठियासन – नागौर, फलौदी – जोधपुर, केशवाना – जालोर, गुड़ामालानी – बाड़मेर एवं सिरोही) इन क्षेत्रों के किसानों को विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा समस्याओं का निराकरण व नवीन तकनीकों की जानकारी करवाने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं।

विश्वविद्यालय में तीन कृषि महाविद्यालय (मण्डोर – जोधपुर, सुमेरपुर – पाली तथा नागौर) संचालित किये जा रहे हैं। वर्तमान में सुमेरपुर – पाली में स्नात्तक स्तर तक, मण्डोर – जोधपुर तथा नागौर के महाविद्यालयों में स्नात्तक व पाँच विषयों में स्नातकोत्तर व तीन विषयों में विद्यावाचस्पति स्तर का शिक्षण कार्य किया जा रहा हैं।

विश्वविद्यालय की लगभग संपूर्ण गतिविधियों हेतु बजट राज्य सरकार की योजना, गैर – योजना, क्षेत्रीय, नार्प तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। यह विश्वविद्यालय

अपने कार्यक्षेत्र के किसानों की प्रगति हेतु अनुसंधान, कृषि प्रसार तथा कृषि शिक्षा जैसे विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं के अनुसार सतत् प्रयासरत हैं।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के प्रबंध मंडल की पंचम्, षष्ठम् एवं सप्तम् बैठक क्रमशः दिनांक 18.02.2018, 10.04.2018 एवं 7.06.2018 को एवं अकादमिक परिषद् की षष्ठम् (9.4.2018), सप्तम् (5.6.2018) एवं अष्ठम् (14.11. 2018) बैठक क्रमानुसार माननीय कुलपति डॉ. बलराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इन बैठकों में विभिन्न प्रस्तावों के प्रेषण सम्बन्धित जानकारी देकर सहमति प्राप्त की गई।

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण दिनांक 24.04.2018 को राज्य की माननीया मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा किया गया।

कृषि महाविद्यालय, नागौर का नवनिर्मित भवन, एवं कृषि महाविद्यालय, मण्डोर–जोधपुर के पहले चरण में निर्मित भवन एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, मौलासर, फलोदी और गुडामलानी के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन लोकार्पण के लिए तैयार हैं।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कौशल विकास केंद्र एवं कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र (ATIC) के भवन का निर्माण कार्य कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में मण्डोर स्थित जीटीसी फार्म तथा कृषि महाविद्यालय, मण्डोर–जोधपुर में कन्या छात्रावास के निर्माण का कार्य राज्य योजना के तहत किया जा रहा है।

कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन एवं कृषि अनुसंधान केन्द्र, जालोर व कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, सुमेरपुर में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बीज हब के तहत बीज भंडारण एवं बीज प्रसंस्करण सह ग्रेडिंग सुविधा का निर्माण किया गया।

कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को बाजरा पर दो बीज हब, तिलहन पर दो बीज हब एवं दालों पर एक और बीज हब आवंटित किये गये हैं, जिसमें लगभग 6.5 करोड़ रूपये की स्वीकृति भी प्रदान की गई हैं।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में भाभा आणविक अनुसंधान केन्द्र, मुंबई के साथ उत्परिवर्तन प्रजनन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए अगले 5 वर्षों के समझौते (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत भाभा आणविक अनुसंधान केन्द्र से 50.0 लाख रूपये वित्त पोषण मिलेगा।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को किर्क हाऊस ट्रस्ट, डी.ए.आर.ई. (एन.बी.पी.जी.आर) द्वारा वित्त पोषित "ऑर्फन लेग्यूम्स" पर एक संस्थागत परियोजना में भारत और अफ्रीकी देशों के बीच "ऑर्फन लेग्यूम्स" के विकास के लिए काम में भागीदार के रूप में शामिल किया गया हैं।

बायोवर्सिटी इन्टरनेशनल / वैश्विक पर्यावरण सुविधा (जीईएफ) द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को 32,400 अमरीकी डॉलर निधि की एक सहयोगी परियोजना स्वीकृति की गई है।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं में वर्ष 2018–19 के लिए कुल 550.0 लाख रूपये प्राप्त किये गये हैं।

राष्ट्रीय उच्च शिक्षा परियोजना (एन.ए.एच.ई.पी.) के तहत अगले 3 वर्षों में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के तीनों महाविद्यालयों में बुनियादी ढाँचे, प्रयोगशालाओं, कक्षाओं और संकाय के सुधार हेतु 5.0 करोड़ रूपये मंजूर किए गए हैं।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को चार फसलों क्रमशः गेहूँ, सरसों, दालें व औषधीय पौधों पर वोलन्टियर परीक्षण केन्द्र स्वीकृत किए गये हैं।

क्षेत्रीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति (जेड.आर.ई.ऐ.सी.) खरीफ–2018 एवं रबी–2018–19 की बैठकें सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसमें शस्य विज्ञान, पादप विज्ञान, कीट विज्ञान सम्बन्धित नौ विभिन्न तकनिकी विकसित की गई तथा विभिन्न फसलों की आठ किस्मों को पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज में शामिल किया गया ।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने संकर बाजरा के बीज उत्पादन को बढ़ाने के लिए तीन निजी सीड्स कम्पनियों

के साथ गैर–विशिष्ट सहमति ज्ञापन निष्पादित किया गया हैं।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में कार्यरत अखिल भारतीय बाजरा अनुसंधान परियोजना द्वारा विगत वर्ष में बाजरे की विभिन्न जलवायु क्षेत्रों हेतु नौ किस्में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित तथा आठ किस्में अधिसूचना के लिए अखिल भारतीय स्तर पर स्वीकृत की गई हैं।

अखिल भारतीय बाजरा अनुसंधान परियोजना द्वारा वर्ष 2018–2019 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ. एस.एम) कार्यक्रम के तहत 320 हैक्टेयर में अग्र पंक्ति प्रदर्शन राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, मध्यप्रदेश, उतरप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्रप्रदेश एवं तमिलनाडु राज्यों में सफलतापूर्वक लगाये गये ।

कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर–जोधपुर पर आत्मा परियोजना के अंतर्गत 11 कृषक प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया, जिसमें 320 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इन प्रशिक्षणों में तीन अन्तर्राज्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा विकसित तिल की नई किस्म आर.टी. 372 को देश के जोन – 1 में खरीफ मौसम की वर्षा पोषित स्थिति के लिए राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, कर्नाटक और तेलंगाना राज्यों के कुछ हिस्सों में उगाने हेतु विकसित एवं चिन्हित किया गया हैं।

अखिल भारतीय अनार उत्पादक संघ के सहयोग से कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर (जोधपुर) में 3–4 अक्टूबर, 2018 को "अनार" पर दो दिवसीय कार्यशाला व कृषि अनुसंधान केन्द्र, जालोर में 22 अक्टूबर, 2018 को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 400 अनार उत्पादकों ने भाग लिया।

कृषि विज्ञान केन्द्र, जालोर में 22 अक्टूबर, 2018 को जालोर जिले के डीलर्स हेतु तथा कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर, जोधुपर में 28 अक्टूबर, 2018 को जोधपुर जिले के डीलर्स हेतु डिलर्स डिप्लोमा कोर्स शुरू किया गया।

खरीफ 2017 में तिल का 2.50 क्विंटल एवं बाजरा का 8.85 क्विंटल प्रजनक बीज उत्पादित किया गया ।

विश्वविद्यालय के अलग–अलग केन्द्रों पर फसलों की विभिन्न किस्मों का खरीफ 2017 में कुल 1043.59 क्विंटल, रबी 2017–18 में कुल 759.57 क्विंटल एवं जायद 2018 में संकर बाजरा, एम.पी.एम.एच. 17 का 106.40 क्विंटल सत्यापित बीज उत्पादित किया गया। इस बीज द्वारा किसानों के खेतों पर उगाई गई फसल के परिणाम अन्य किस्मों के मुकाबले बहुत ही प्रभावशाली व उत्साहवर्द्धक रहे है।

अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों द्वारा बीजीय मसालों की उन्नत कृषि तकनीकों का प्रचार–प्रसार करने हेतु जीरे के 15 प्रदर्शन व मैथी के 40 प्रदर्शन कुल 55 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाये गये।

बीजीय मसाला फसलों की उन्नत तकनीक का प्रचार–प्रसार करने हेतु चार कृषक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें 360 किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

डॉ. टी. महापात्रा, महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ने दिनाँक 1 अक्टूबर, 2018 को कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं भा.कृ.अ.प.–अखिल भारतीय समन्वित बाजरा अनुसंधान परियोजना, मण्डोर तथा किसान प्रेक्षेत्रों का भ्रमण किया एवं परियोजना का अवलोकन किया।

राजस्थान के राजभवन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जोधपुर जिले के लूणी गाँव को ग्राम गोद कार्यक्रम के अर्न्तगत कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा गोद लेकर स्मार्ट गाँव के रुप में विकसित किया जा रहा है।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर, प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि मेला 2018 का आयोजन, किसानों की आय वृद्धि के लिये प्याज और लहसुन की उत्पादन तकनीकी एवं मूल्य श्रृंखला प्रबंधन पर कार्यशाला तथा निर्यात योग्य गुणवत्ता युक्त अनार उत्पादन एवं विपणन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 9100 किसानों ने भाग लिया।

फार्मर फर्स्ट परियोजना अन्तर्गत विभिन्न मॉड्यूल– फसल आधारित मॉड्यूल, उद्यानिकी आधारित मॉड्यूल, समन्वित कृषि प्रणाली मॉड्यूल, मानव संसाधन प्रबंधन मॉड्यूल द्वारा नवीनतम तकनीकी व कौशल आधारित ज्ञान पर एक हजार प्रदर्शनों, 25 कृषक प्रशिक्षणो, 6 कृषक वैज्ञानिक संवाद व अन्य प्रसार गतिविधियों का आयोजन कर समस्त ग्रामवासियों को लाभान्वित किया गया।

राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कृषक व कृषक महिलाओं व ग्रामीण युवाओं को कौशल आधारित 12 प्रशिक्षणों द्वारा 550 कृषकों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा विभिन्न तकनीकियों एवं उन्नत किस्मों को अधिक से अधिक कृषकों तक पहुँचाने हेतु केन्द्र पर 59 प्रशिक्षणों का आयोजन किया, जिसमें कुल 1715 किसानों ने भाग लिया। किसानों के खेतों पर 80 प्रशिक्षणों का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 1838 किसानों ने भाग लिया।

कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा 30 प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें कुल 3852 किसानों ने भाग लिया।

कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा प्रसार कार्यकर्ताओं के लिए 22 प्रशिक्षण आयोजित किये गये जिसमें 588 प्रसार कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

नवीनतम कृषि तकनीकी– उन्नत बीज, पंक्तिबद्ध बुवाई, बीजोपचार, जिंक सल्फेट का प्रयोग, पौध संरक्षण को प्रदर्शित करने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा किसानों के खेतों पर विभिन्न फसलों पर 990 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों का आयोजन किया गया।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की समन्वित कृषि प्रणाली के तहत सभी कृषि विज्ञान केंद्रों पर वर्षा जल संग्रहण इकाई, वर्मी कंपोस्ट इकाई, अजोला इकाई व बकरी इकाई की स्थापना की जा रही हैं।

कृषि महाविद्यालय, मण्डोर जोधपुर, सुमेरपुर (पाली) एवं नागौर में विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने एवं उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिये आवश्यक शैक्षणिक वातावरण जैसे नियमित कक्षाओं का संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल–कूद प्रतियोगिता, व्याख्यान इत्यादि का आयोजन समय–समय पर किया जा रहा हैं।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में तीन विषयों आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन, शस्य विज्ञान और बागवानी में स्नात्तकोत्तर पाठ्यक्रम के 11 विद्यार्थियों के प्रथम बैच ने इस वर्ष डिग्री पूर्ण कर ली है।

इसी वर्ष कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के दोनों कृषि महाविद्यालयों से 84 विद्यार्थियों ने स्नात्तक डिग्री पूर्ण कर ली हैं।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में वर्तमान शैक्षिक सत्र 2018 के दौरान दो और विषयों प्लांट पैथोलॉजी और फूड टेक्नोलॉजी एवं तीन विषयों आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन, शस्य विज्ञान और बागवानी में विद्यावाचस्पति कार्यक्रम शुरू किये गये हैं।

विश्वविद्यालय के अध्यापकों व वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न शोध पत्र–पत्रिकाओं में 83 अनुसंधान–पत्र, 10 पुस्तकें, 4 पुस्तक अध्याय, 24 तकनिकी/लोकप्रिय प्रकाशित लेख, 2 तकनिकी बुलेटिन, 3 प्रायोगिक गाइड, 12 फोल्डर्स, 5 संगोष्ठी, सम्मेलन, सेमिनार में प्रकाशित शोध पत्र/सारांश प्रकाशित किये गये हैं।

भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग मंडल महासंघ (फिक्की) द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को पिछले ढ़ाई वर्ष में कृषि के क्षेत्र में रसायनों एवं प्लास्टिक के सही उपयोग हेतु किसानों के मन में सार्वजनिक धारणा में परिवर्तन लाने हेतु किये गये सराहनीय कार्यों हेतु पुरस्कृत किया गया।

1. संस्थान परिचय

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर की स्थापना राज्य के पश्चिमी क्षेत्रों में कृषि अनुसंधान, प्रसार शिक्षा एवं कृषि शिक्षा के क्षेत्रों में विकास कार्यों को निष्पादित कर क्षेत्र की समग्र कृषि एवं कृषि आधारित क्रिया–कलापों का उन्नयन कर विकासोन्मुखी बनाने हेतु की गई हैं।

यह एक नव सृजित विश्वविद्यालय हैं, जो कि अपने शैशव काल से ही प्रगति की ओर अग्रसर हैं। विश्वविद्यालय के कार्य क्षेत्र में छः जिलों जोधपुर, बाड़मेर, पाली, जालोर, सिरोही एवं नागौर का भू–भाग सम्मिलित है। कृषि जलवायु खण्डों के आधार पर यह क्षेत्र तीन भागों में विभक्त किया गया हैं। जोधपुर तथा बाड़मेर जिलों का भू–भाग 'शुष्क पश्चिमी मैदान खण्ड – I अ' के अंतर्गत आता हैं। जालोर, पाली, सिरोही (पिण्डवाड़ा तथा आबूरोड़ तहसील के अतिरिक्त) तथा जोधपुर की बिलाड़ा एवं भोपालगढ़ तहसील का भू–भाग 'लूणी नदी के संग्रहण क्षेत्र के परिवर्तनशील मैदान खण्ड – II ब' के अंतर्गत हैं। नागौर जिले का भू–भाग 'भीतरी जल निकास के मैदान खण्ड – II अ' के अंतर्गत आता हैं।

विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में जलवायुवीय परिस्थितियाँ कृषि के लिये काफी चुनौतीपूर्ण हैं। इस क्षेत्र में वर्षा अल्प तथा अनियमित, अधिक तापमान, तेज/गरम हवाएं इत्यादि कृषि उत्पादन को प्रभावित करती हैं। शुष्क पश्चिमी मैदान खण्ड – I अ में औसत वर्षा 100 से 300 मि.मी., उच्चतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक रहता हैं। लूणी नदी के संग्रहण क्षेत्र के परिवर्तनशील मैदान खण्ड – II ब में औसत वर्षा 330 से 591 मि.मी. तथा अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 1 से 5 डिग्री सेल्सियस रहता हैं।

क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का 28 प्रतिशत भू–भाग इस विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में हैं। इस भू–भाग में औद्योगिकीकरण कम है तथा कृषि एवं पशुपालन ही आजीविका का मुख्य साधन हैं। इन कृषि जलवायु खण्डों में कृषकों को नवीनतम कृषि तकनीकी उपलब्ध करा कर उत्पादकता बढ़ाने, लागत घटाने, जल एवं मृदा जैसे प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग वैज्ञानिक पद्धति अपना कर कृषि के समग्र विकास हेतु दो कृषि अनुसंधान केन्द्र (मण्डोर–जोधपुर, केशवाना–जालोर) तथा तीन कृषि अनुसंधान उप–केन्द्रों (सुमेरपुर–पाली, समदड़ी–बाड़मेर तथा नागौर) पर कृषि अनुसंधान कार्य किया जा रहा हैं। इन केन्द्रों पर बाजरा, मूँग, मोठ, ग्वार, तिल, अरण्डी, सरसों, राजगीरा, गेंहूँ, जीरा, इसबगोल, मैथी इत्यादि फसलों पर अनुसंधान कार्य जारी हैं।



मुख्य फसलों के अतिरिक्त निर्यात योग्य फसलें या उससे प्राप्त उत्पाद जैसे– जीरा, अरण्डी, मसालें एवं औषधीय महत्त्व वाली फसल इसबगोल पर अनुसंधान हेतु विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। उद्यानिकी फसलों जैसे – प्याज, लहसुन, गाजर, आलू पर भी अनुसंधान प्रारंभिक स्तर पर शुरू किया जा चुका हैं।

नवीनतम कृषि तकनीकों के प्रचार–प्रसार तथा आवश्यक आंशिक संशोधन हेतु विश्वविद्यालय के कृषि प्रसार शिक्षा निदेशालय के अधीनस्थ छः कृषि विज्ञान केन्द्र (मौलासर – नागौर, अठियासन – नागौर, फलौदी – जोधपुर, केशवाना – जालोर, गुड़ामालानी – बाड़मेर एवं सिरोही) इन क्षेत्रों के किसानों को विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा समस्याओं का निराकरण व नवीन तकनीकों की जानकारी करवाने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं।

विश्वविद्यालय में तीन कृषि महाविद्यालय (मण्डोर – जोधपुर, सुमेरपुर – पाली तथा नागौर) संचालित किये जा रहे हैं। वर्तमान में सुमेरपुर – पाली में स्नातक स्तर तक, मण्डोर – जोधपुर तथा नागौर के महाविद्यालयों में स्नात्तक व स्नातकोत्तर एवम् मण्डोर – जोधपुर में विद्यावाचस्पति शिक्षण कार्य किया जा रहा हैं।

विश्वविद्यालय की लगभग संपूर्ण गतिविधियों हेतु बजट राज्य सरकार की योजना, गैर – योजना, क्षेत्रीय, नार्प तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। यह विश्वविद्यालय अपने कार्यक्षेत्र के किसानों की प्रगति हेतु अनुसंधान, कृषि प्रसार तथा कृषि शिक्षा जैसे विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं के अनुसार सतत् प्रयासरत हैं।

1.1 विश्वविद्यालय के उद्देश्य

(क) अध्ययन की भिन्न–भिन्न विधाओं में, विशिष्टतः कृषि, उद्यानिक व मत्स्य पालन में शिक्षा प्रदान करने के लिए उपबंध करना।

(ख) विशिष्टतः कृषि एवं अन्य सहबद्ध विज्ञानों मे शिक्षा का अभिवर्धन और अनुसंधान करना।

(ग) ऐसे विज्ञान एवं प्रौद्योगिकियों की विस्तार शिक्षा को बढ़ावा देना जिससे राज्य की ग्रामीण जनता को लाभ मिले।

(घ) ऐसे अन्य उद्देश्य जिन्हें विश्वविद्यालय समय समय पर अवधारित करें।

संगठनात्मक ढाँचा

कुलपति
- कुलसचिव, सचिव प्रबन्ध मण्डल
- वित्त नियंत्रक, सचिव वित्त समिति
- भू-सम्पति अधिकारी
- निदेशक
  - अनुसंधान
  - प्रसार शिक्षा
  - प्राथमिकता, निगरानी एवं मूल्यांकन
  - मानव संसाधन विकास
  - शिक्षा
  - छात्र कल्याण
- परीक्षा नियंत्रक
- अधिष्ठाता
  - कृषि महाविद्यालय- मण्डोर, जोधपुर
  - कृषि महाविद्यालय- सुमेरपुर, पाली
  - कृषि महाविद्यालय- नागौर (कृषि डिप्लोमा संस्थान)

संस्थागत ढाँचा

- **शिक्षा**
  - **कृषि महाविद्यालय (3)**
    - मण्डोर, जोधपुर स्थापना - 31/07/2012
    - सुमेरपुर, पाली, स्थापना - 04/03/2012
    - नागौर, स्थापना - 08/07/2015
  - **कृषि डिप्लोमा संस्थान (1)**
    - लांडनू, नागौर, स्थापना - 2013
- **अनुसंधान**
  - **कृषि अनुसंधान केन्द्र (2)**
    - मण्डोर, (जोधपुर), स्थापना - मई 1983
    - केशवाना, (जालोर), स्थापना - 1982
  - **कृषि अनुसंधान उप केन्द्र (3)**
    - नागौर, स्थापना - 1993
    - सुमेरपुर (पाली), स्थापना - 15/01/1972
    - समदड़ी (बाड़मेर), स्थापना - नवम्बर 1995
- **विस्तार**
  - **कृषि विज्ञान केन्द्र (6)**
    - केशवाना (जालोर), स्थापना - 1985
    - सिरोही, स्थापना - 1989
    - मौलासर (नागौर), स्थापना - 1992
    - फलोदी, जोधपुर स्थापना - 31/03/2012
    - अठियासन (नागौर), स्थापना - 31/03/2012
    - गुड़ामालानी (बाड़मेर), स्थापना - 31/03/2012

1.3 स्वीकृत कार्य एवं रिक्त पदों का विवरण

राज्य योजना, गैर योजना, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित परियोजनाएं एवं विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्रों के पदों का विवरण निम्न प्रकार हैं:–

1.3.1 कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर : प्रशासनिक पदों का विवरण (राज्य योजना)

पदनाम	स्वीकृत पद	नियुक्त पद	रिक्त पद
कुलपति	1	1	0
कुल सचिव	1	1	0
वित्त नियंत्रक	1	0	1*
अधिष्ठाता/निदेशक	5	3	2
भू–सम्पदा अधिकारी	1	0	1
परीक्षा नियंत्रक	1	0	1
अतिरिक्त निदेशक अनुसंधान (बीज)	1	0	1
पुस्तकालयाध्यक्ष	1	0	1
सहायक निदेशक (शारीरिक शिक्षा)	1	0	1

पदनाम	स्वीकृत पद	नियुक्त पद	रिक्त पद
सहायक कुलसचिव	1	0	1
सहायक अभियन्ता (सिविल)	1	0	1
कोषाधिकारी	1	0	1

* वित्त नियन्त्रक, सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय के पास अतिरिक्त प्रभार

1.3.2 शैक्षणिक पदों का विवरण

पदनाम	आई.सी.ए.आर. अनु. परियोजना, पी.सी. ईकाई तथा कृषि विज्ञान केन्द्र	राज्य योजना	गैर योजना	योग		
				स्वीकृत पद	नियुक्त पद	रिक्त पद
आचार्य	0	5	3	8	2	6
सह–आचार्य/वरिष्ठ वैज्ञानिक	13	16	17	46	17	29
सहायक आचार्य	12	55	32	99	56	43
विषय वस्तु विशेषज्ञ	36	0	0	36	20	16
सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	0	3	0	3	0	3

1.3.3. तकनीकीय एवं अशैक्षणिक पदों का परियोजनात्मक विवरण

पदनाम	स्वीकृत पद	नियुक्त पद	रिक्त पद
आई.सी.ए.आर. अनु. परियोजना, पी. सी. ईकाई तथा कृषि विज्ञान केन्द्र	82	61	21
राज्य योजना	112	51	61
गैर योजना	52	42	10

विश्वविद्यालय में कुल 454 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से वर्तमान में 254 पद नियुक्त हैं तथा शेष 200 पद रिक्त हैं। स्थानान्तरण एवं कार्मिकों द्वारा विश्वविद्यालय सेवा छोड़ने के कारण गणना में आंशिक अन्तर सम्भव हैं।

1.4 प्रमुख विभागीय कार्य तथा वर्ष में प्रत्येक कार्य के समदर्श प्रगति

विश्वविद्यालय के विभिन्न प्राधिकारियों में से प्रबंधन मंडल, अकादमिक परिषद् तथा वित्त समिति की विभिन्न बैठकों में लिये गये महत्त्वपूर्ण निर्णय निम्नानुसार हैं:–

1.4.1 प्रबंध मंडल

1.4.1.1 प्रबंध मंडल की बैठकें

कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रबंध मंडल की पंचम्, षष्ठम् एवं सप्तम् बैठक क्रमशः दिनांक 18.02.2018, 10.04.2018 एवं 7.06.2018 को क्रमानुसार आयोजित की गई। सर्वप्रथम बैठक के प्रारंभ में प्रबंध मंडल के पदेन अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने प्रबंध मंडल के समस्त सदस्यों का स्वागत कर विश्वविद्यालय में किये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के बारे में अवगत कराया। तद्नुपरांत बैठकों की कार्यवाही प्रारंभ की गई तथा निम्नलिखित प्रमुख निर्णय लिए गए –

- राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये आदेश क्रमांक एफ 12(6) एफडी/नियम/2005 दिनांक 23.09.2014 को कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में लागू किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदित किया गया।
- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा विज्ञापित किये शैक्षणिक पदों की सीधी भर्ती प्रक्रिया एवं पदोन्नति (C.A.S.) को पूर्ण किये जाने का प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा शैक्षणिक भर्ती विज्ञापन क्रमांक कृविवि/जोध/2017/01 दिनांक 22.06.2017, कृविवि/जोध/2017/02 दिनांक 22.06.2017, कृविवि/जोध/2017/03 दिनांक 22.06.2017 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों द्वारा बांड भरवाये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में भी अशैक्षणिक वर्ग के विभिन्न पदों की भर्ती हेतु परीक्षा प्रणाली, पाठ्यक्रम व अन्य नियम जो श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में अपनाये गये है उन्हें इस विश्वविद्यालय में उक्त वर्ग की भर्ती प्रक्रिया में अपनाये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- शैक्षणिक पदों पर पंचम प्रबंधन मंडल की बैठक उपरांत शेष रिक्त रहे पदों एवं प्रतीक्षा सूची में से योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में अशैक्षणिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारूप एवं भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र सेटर के मानदेय का राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के नियमानुसार करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- राज्य सरकार के निर्देशानुसार कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में नवीन पेंशन योजना के अंतर्गत कार्यरत कार्मिकों के ग्रेच्यूटी परिलाभ प्रदान करने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा पेंशन कोष के गठन हेतु एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के अधीनस्थ कृषि अनुसंधान केन्द्र, कृषि महाविद्यालय, मंडोर–जोधपुर, कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर–पाली एवं कृषि महाविद्यालय, नागौर में सोलर पावर सिस्टम की स्थापना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- केरियर एडवांसमेंट स्कीम (C.A.S.)के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के सहायक प्राध्यापकों के (Stage –III) AGP- Rs. 8000/- से (Stage –IV) AGP-Rs. 9000/- पर पदोन्नति के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के अधिष्ठाता/निदेशकगणों को वित्तीय स्वीकृति 1.00 लाख रू. से बढ़ाकर रू 5.00 लाख तक प्रदान किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।
- कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा उत्पादित बीजों को मरूधरा–बीज ब्रांड के नाम के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

1.4.2 अकादमिक परिषद एवं अध्ययन मण्डल

1.4.2.1 अकादमिक परिषद

अकादमिक परिषद की षष्ठम् (9.4.2018), सप्तम् (5.6.2018) एवं अष्ठम् (14.11.2018) बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में डॉ. बी. एस. राजपुरोहित, निदेशक शिक्षा व पदेन सचिव ने अकादमिक परिषद के अध्यक्ष माननीय कुलपति डॉ. बलराज सिंह और अन्य सदस्यों का स्वागत किया। अध्यक्ष ने अपनी टिप्पणी में वर्ष 2018 में विश्वविद्यालय में शिक्षा, अनुसंधान व प्रसार शिक्षा के क्षेत्र में की गई प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया तथा बुनियादी ढांचा विकास, बीज उत्पादन, बाह्य वित्त पोषण परियोजनाओं एवं अन्य गतिविधियों के बारे में सदस्यों को अवगत कराया। उक्त बैठको में चर्चा के बाद निम्नलिखित कार्यसूची मदों पर विचार कर स्वीकृति प्रदान की गयी :–

1. पौध प्रजनन एवं आनुवंशिकी, शस्य विज्ञान तथा उद्यानीकी विषयों में स्नातकोत्तर छात्रों का प्रथम बैच निकलने, प्रयोगशालाओं की आवश्यक व्यवस्था एवं योग्य फैकल्टी की उपलब्धता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक वर्ष 2018–19 से कृषि महाविद्यालय, मण्डोर, जोधपुर पर उपरोक्त विषयों में निम्नलिखित नये कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाये।
2. (अ) उपरोक्त तीन विषयों में पी.एच.डी. (विद्यावाचस्पति) कार्यक्रम प्रारम्भ कर प्रत्येक विषय में दो–दो नये छात्रों को तथा एकएक सीट (अधिसंख्य) पर सेवारत कर्मचारी को प्रवेश दिया जाये । इन विषयों में प्रवेश प्रक्रिया समन्वय समिति के निर्णयानुसार होगी।

   (ब) पौध व्याधिकी विषय में स्नातकोतर कार्यक्रम प्रारम्भ कर चार छात्रों को प्रवेश दिया जाये।
3. कृषि विज्ञान केन्द्रों पर पदस्थापित पौध संरक्षण विषय (Plant Protection Discipline) हेतु विषय विशेषज्ञ (SMS) की नयी भर्ती प्रक्रिया वास्ते वर्तमान शैक्षणिक योग्यता (कीट विज्ञान, पौध व्याधिकी तथा निमेटोलोजी विषय) के अलावा कृषि रसायन विषय (Agriculture Chemicals Discipline) को भी सम्मिलित किया जावे।
4. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की पंचम डीन कमेटी की सिफारिशानुसार पौध प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग का परिवर्तित नाम आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन किया जाये जिसका क्रियान्वयन चालू सत्र से कर दिया जावे।
5. कृषि महाविद्यालय नागौर, पर नवस्थापित खाद्य तकनीकी विभाग (Food Technology) हेतु राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत पदनाम डीन/प्रिंसीपल को बदल कर प्रोफेसर (खाद्य तकनीकी) कर दिया जावे।
6. कृषि विश्वविद्यालय की आवश्यकता के अनुरुप कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर पर कृषि अभियांत्रिकी विभाग का स्वीकृत पद सहायक आचार्य (प्रोसेसिंग एवं खाद्य इंजीनियरिंग Processing and Food Engineering) का नाम बदलकर सहायक आचार्य (फार्म मशीनरी एवं पावर इंजीनियरिंग Farm Machinery and Power Engineering) कर दिया जावे।
7. राज्य सरकार के अनुरुप कृषि व्यवसाय विषय में एक वर्षीय डिप्लोमा एवं छः माह का सर्टीफिकेट कोर्स चालू करने हेतु कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं Ironwood Carriers & Training Institute, Adelaide South Australia के बीच करार (एम.ओ.यू) करने के लिए सहमति दी गई।
8. वर्तमान में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा शैक्षणिक पाठ्यक्रम एम.पी.यू.ए.टी., उदयपुर के अनुरुप चलाया जा रहा है अतः परिक्षकों हेतु थीसिस मूल्यांकन, थीसिस

मौखिक परीक्षा, सिनोप्सीस मूल्यांकन एवं कोम्प्रसिव परीक्षा हेतु मानदेय एम.पी.यू.ए.टी., उदयपुर के समरुप लागू किये जाने का निर्णय लिया गया।

9. राज्य सरकार द्वारा कृषि महाविद्यालय, नागौर पर नवस्थापित खाद्य तकनीकी विभाग में खाद्य तकनीकी विषय पर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम इसी शैक्षणिक वर्ष 2018–19 से प्रारम्भ किये जाने हेतु निर्णय लिया गया तथा यह तय किया गया कि इस पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित कर दो छात्रों को प्रवेश दिया जावे।

10. एम.एस.सी. खाद्य तकनीकी पाठ्यक्रम हेतु अध्ययन मण्डल द्वारा गठित समिति की सिफारिशानुसार प्रत्येक सेमेस्टर में पढ़ाये जाने वाले कोर्स, कुल क्रेडिट ऑवर आदि का अनुमोदन किया गया।

11. स्नात्तक व स्नात्तकोतर प्रोग्राम हेतु सूचना बुलेटिन एवं मार्गदर्शिका को अलग–अलग प्रकाशित कर उनकी उपलब्धता प्रवेश फार्म के साथ सुनिश्चित किये जाने का निर्णय लिया गया।

12. कोर्स नम्बर होर्ट 112 (Introduction to forestry) के सिलेबस में वानिकी की अधिकता के मद्देनजर उक्त कोर्स का नाम फोर्ट 111 (Fort 111) किये जाने का अनुमोदन किया गया।

13. अन्य कृषि विश्वविद्यालयों के समरुप परीक्षकों द्वारा, प्रश्न पत्र बनवाने हेतु मानदेय बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

14. विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों एवं फैकल्टी चेयरमेन द्वारा प्रस्तावित विशेषज्ञों की सूची को आगामी शिक्षक चयन प्रक्रिया हेतु अनुमोदित किया गया।

15. कृषि महाविद्यालय, मण्डोर में आगामी शैक्षणिक सत्र 2019–20 से एम.एस.सी. कीट विज्ञान एवं प्रसार शिक्षा विषयों में प्रारम्भ किये जाने तथा प्रत्येक विषय में चार–चार छात्रों को प्रवेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JET) प्रक्रिया के अनुसार दिये जाने का निर्णय लिया गया।

1.4.2.2 अध्ययन मण्डल

विश्वविद्यालय की कृषि संकाय की अध्ययन मण्डल की बैठक दिनांक 23.10.2018 को डॉ. एस. डी. रत्नु, संकाय अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। प्रारम्भ में डॉ. एस. डी. रत्नु, अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल ने सभी सदस्यों का स्वागत कर बैठक में प्रस्तावित बिन्दुओं पर चर्चा की गई तथा निम्नलिखित प्रमुख निर्णय लिए गए :–

1. एम.एस.सी. खाद्य तकनीकी पाठ्यक्रम की समीक्षा हेतु एक समिति का गठन कर पाठ्यक्रम सुनिश्चित कर शिक्षा निदेशक को प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

2. अध्ययन मण्डल द्वारा गठित समिति की सिफारिशानुसार प्रत्येक सेमेस्टर में पढ़ाये जाने वाले कोर्स, कुल क्रेडिट ऑवर आदि का अनुमोदन किया गया।

3. कोर्स नम्बर होर्ट 112 (Introduction to forestry) के सिलेबस में वानिकी की अधिकता के मद्देनजर उक्त कोर्स का नाम फोर्ट 111 (Fort 111) किये जाने का अनुमोदन किया गया।

4. सभी विभागाध्यक्षों एवं प्रभारी विभागाध्यक्षों को एक कमेटी गठित कर स्नात्तकोतर व विद्यावाचस्पति पाठ्यक्रम की समीक्षा कर 3 महिने में प्रतिवेदन शिक्षा निदेशक को प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।

5. स्नात्तक, स्नातकोत्तर व विद्यावाचस्पति पाठ्यक्रम के बुलेटिन और दिशानिर्देशों को अद्यतन कर तीनों कार्यक्रमों हेतु अलग–अलग सूचना बुलेटिन प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया।

6. विश्वविद्यालय में प्रवेशित छात्रों को यूनिक पहचान पत्र देने हेतु निर्णय लिया गया।

1.4.3 वित्तीय लेखा

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के अधीन शिक्षा, प्रसार शिक्षा एवं अनुसंधान से सम्बन्धित इकाइयों के लिये वित्त वर्ष 2018–19 के परियोजनावार एवं संस्थावार बजट प्रावधान एवं

नवम्बर 2018 तक हुए व्यय का विस्तृत विवरण निम्नानुसार हैं:–

बजट मद	बजट प्रावधान नवम्बर 2018 तक व्यय (रूपये लाखों में)	
	बजट प्रावधान	नवम्बर 2018 तक व्यय
गैर राज्य आयोजना	530.00	340.00
राज्य आयोजना	2200.73	625.00
राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)	700.00	120.00
ए.आई.सी.आर.पी. प्रोजेक्ट (AICRP)	192.50	60.00
पी. सी. यूनिट (बाजरा) मण्डोर	310.00	119.27
समस्त कृषि विज्ञान केन्द्र	717.59	370.00
सीड हब (केवीके, नागौर, जालौर, सुमेरपुर)	215.00	50.00
एन.ए.एच.ई. प्रोजेक्ट (NAHEP)	258.62	10.00
MIDH प्रोजेक्ट	25.00	13.00
अन्य परियोजनाएं (अनुसन्धान केन्द्रों एवं केवीके पर संचालित)	145.50	30.00

1.4.4 अन्य प्रमुख क्रियाकलाप एवं उपलब्धियाँ

1.4.4.1 अनुसंधान

1. तिल की उन्नत किस्म आर.टी. 372 को राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना और जारी किया गया।
2. संकर बाजरा एम.पी.एम.एच. 17 का 100 क्विंटल बीज उत्पादन किया गया।
3. इस वर्ष अन्य फसलों जैसे मूंग, मोठ, ग्वार, गेहूँ, राया, चना, जीरा, धनिया, मैथी, ईसबगोल एवं मिर्च का कुल 1818 क्विंटल बीज उत्पादन किया गया।

1.4.4.2 तकनीकी विस्तार/हस्तांतरण

1. कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में चार दिवसीय पश्चिमी क्षेत्र किसान मेले का आयोजन 28–31 जनवरी, 2018 के दौरान मुख्य परिसर मण्डोर (जोधपुर) में किया, जिसमें विभिन्न राज्यों से लगभग 10,000 किसानों ने भाग लिया।
2. वर्ष 2018 के दौरान कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के सभी छः कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा छह "सुरक्षित भंडारण" पर डब्ल्यू.ए.आर.डी.ए. कार्यशालाएं/कार्यक्रम आयोजित किए गए।
3. कृषि विज्ञान केन्द्र गुड़ामालानी में एक किसान मेला का आयोजन 5 जुलाई 2018 को किया गया। जिसमें बाड़मेर जिले के 1000 के अधिक किसानों ने भाग लिया।
4. कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन में आत्मा परियोजना के तहत किसान मेले का आयोजन, अक्टूबर–नवंबर, 2018 के दौरान किया गया, जिसमें 1000 किसानों ने भाग लिया।
5. केन्द्रीय खाद्य वितरण, उपभोक्ता मामले, कॉर्पोरेट और उद्योग राज्य मंत्री श्री सी. आर. चौधरी ने कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन और कृषि विज्ञान केन्द्र, मौलासर का क्रमशः 17 मई 2018 व 14 जून 2018 को निरीक्षण व अवलोकन किया।

1.4.4.3 शिक्षा और मानव संसाधन विकास

1. महाविद्यालयों में प्रयोगशाला, पुस्तकालय और कम्प्यूटर प्रयोगशाला की स्थापना, विद्यार्थियों के अध्यापन हेतु बेहतरीन कक्षा कमरों की स्थापना करना इत्यादि अन्य मुख्य कार्य रहे।
2. कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर से स्नातकोत्तर का प्रथम बैच ने तीन विषयों आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन, शस्य विज्ञान और बागवानी में दो साल की स्नातकोत्तर डिग्री पूर्ण कर ली है।
3. कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के कई छात्रों ने जे.आर.एफ. प्राप्त कर और देश के विभिन्न राज्य कृषि विश्वविद्यालय में प्रवेश प्राप्त किया।
4. कृषि महाविद्यालय, नागौर को कृषि अनुसंधान उप केन्द्र गोगेलाव (नागौर) परिसर में स्थित अपनी नव निर्मित इमारत में स्थानांतरित कर किया गया है जिसमें मृदा विज्ञान, मौलिक विज्ञान और कंप्यूटर की प्रयोगशालाओं सहित उत्कृष्ट सुविधाएं बनाई गई हैं।
5. कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा अपने नव नियुक्त संकाय सदस्यों के लिए 21 दिनों के दो अभिविन्यास कार्यक्रमों का जून–जुलाई, 2018 और अगस्त–सितम्बर, 2018 में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें 60 संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

6. कई संकाय सदस्यों ने वर्ष 2018 के दौरान विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं आदि में भाग लिया।
7. कई संकाय सदस्यों ने वर्ष 2018 के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया।
8. तीनों कृषि महाविद्यालयों मण्डोर, सुमेरपुर, नागौर व कृषि अनुसंधान केन्द्र मण्डोर, जोधपुर पर 460 किलोवाट (प्रत्येक इकाई पर 120 किलोवाट) क्षमता के सौर ऊर्जा संयन्त्रों की स्थापना की गई।

1.4.4.4 बुनियादी ढांचे का विकास

1. कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण दिनांक 24.04.2018 को माननीय् मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया के द्वारा किया गया।
2. कृषि महाविद्यालय, नागौर का 11.0 करोड़ की लागत से नवनिर्मित भवन लोकार्पण के लिए तैयार हैं।
3. कृषि महाविद्यालय, मण्डोर–जोधपुर की पहले चरण में निर्मित भवन लोकार्पण के लिए तैयार हैं।
4. कृषि विज्ञान केन्द्र, मौलासर, फलोदी और गुडामलानी के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन लोकार्पण/समर्पण के लिए तैयार हैं, जिनकी प्रत्येक की लागत मद 142 लाख रूपये (शत् प्रतिशत) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा दिया गया है।
5. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कौशल विकास केंद्र के भवन का निर्माण कार्य कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में मण्डोर स्थित जीटीसी फार्म में शुरू हुआ।
6. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र (ATIC) के भवन का निर्माण कार्य कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में अपने मण्डोर स्थित जीटीसी फार्म में शुरू हुआ।
7. कृषि महाविद्यालय, मण्डोर–जोधपुर में कन्या छात्रावास का निर्माण कार्य शुरू हुआ।
8. कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन में कृषि सहकारिता विभाग के बीज हब के तहत निर्मित बीज भंडारण एवं बीज प्रसंस्करण सह ग्रेडिंग सुविधा का उद्घाटन केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री सी.आर. चौधरी ने किया।
9. कृषि अनुसंधान केन्द्र, जालोर में वर्ष 2018 में कृषि सहकारिता विभाग के बीज हब के तहत निर्मित बीज भंडारण एवं बीज प्रसंस्करण सह ग्रेडिंग सुविधा उद्घाटन के लिए तैयार हैं।
10. कृषि अनुसंधान उप केन्द्र, सुमेरपुर में बीज संग्रहण और बीज प्रसंस्करण सह ग्रेडिंग सुविधा का निर्माण किया गया।

1.4.5 गाँव गोद कार्यक्रम

माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के निर्देशानुसार एक गाँव गोद लेकर उसे स्मार्ट गाँव में परिवर्तित करने हेतु कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा जोधपुर जिले के लूणी गाँव को ग्राम गोद कार्यक्रम के अन्तर्गत गोद लेकर स्मार्ट गाँव के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस गाँव में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत विभिन्न कार्य किये गये हैं जैसे कि पौध रोपण अभियान के तहत पौध रोपण पर कृषक प्रशिक्षण, पौध संरक्षण पर कृषक प्रशिक्षण, स्वच्छ भारत अभियान, किसान गोष्ठी एवं जैविक खेती पर कृषक समूह का गठन।

1.4.6 नवीन योजनाऐं/नीतियाँ/नवाचार

1. कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को बाजरा पर दो बीज हब एक संकर बाजरा के नर व मादा की पैतृक लाइनों के प्रजनक बीज के उत्पादन के लिए तथा दूसरा डी.ए.सी. द्वारा कृषि अनुसंधान केन्द्र मण्डोर में संकर बीज उत्पादन के लिए आवंटित किये गये हैं, जिसमें लगभग 2.0 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

2. तिलहन पर दो बीज हब, एक तिल पर कृषि अनुसंधान उप केन्द्र सुमेरपुर को और एक मूंगफली पर कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को आवंटित किये गये हैं, जिसमें 3.0 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया हैं।

3. दालों पर एक और बीज हब कृषि अनुसंधान उप केन्द्र सुमेरपुर में कृषि विश्वविद्यालय को डी.ए.सी. द्वारा आवंटित किया गया हैं जिसमें 1.5 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

4. कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर ने अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में भाभा आणविक अनुसंधान केन्द्र, मुंबई के साथ समझौता (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए हैं। एम.ओ.यू. के तहत भाभा आणविक अनुसंधान के साथ उत्तपरिवर्तन प्रजनन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए अगले 5 वर्षों में कृषि अनुसंधान को 50.0 लाख रूपये का वित्त पोषण मिलेगा।

5. कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर को "ऑर्फन लेग्यूम्स" पर एक संस्थागत परियोजना में भागीदार के रूप में शामिल किया गया हैं, जिसे किर्क हाऊस ट्रस्ट, डी.ए.आर.ई. (एन. बी.पी.जी.आर) द्वारा वित्त पोषित किया गया है। यह परियोजना भारत और अफ्रीकी देशों के बीच "ऑर्फन लेग्यूम्स" के विकास के लिए काम करेगी।

6. चार फसलों क्रमशः गेहूँ, सरसों, दालें व औषधीय पौधों पर वोलन्टियर परीक्षण केन्द्र स्वीकृत किए गये हैं।

7. बायोवर्सिटी इन्टरनेशनल/वैश्विक पर्यावरण सुविधा (जीईएफ) द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को 32,400 अमरीकी डॉलर निधि की एक सहयोगी परियोजना स्वीकृति की गई।

8. कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने श्री साईं सद्गुरु सीड्स, हैदराबाद, श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर बीज, कुरनूल, आन्ध्रप्रदेश और सम्पूर्ण सीड्स, अदोनी, आन्ध्रप्रदेश के साथ हाइब्रिड बाजरा के बीज उत्पादन को बढ़ाने के लिए गैर–विशिष्ट सहमति ज्ञापन निष्पादित किया गया है।

9. राष्ट्रीय उच्च शिक्षा परियोजना (एन.ए.एच.ई.पी.) के तहत अगले 3 वर्षों में कृषि विश्वविद्यालय के तीनों महाविद्यालयों में बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, कक्षाओं और संकाय के सुधार को मजबूत करने के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी मोड में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को 5.0 करोड़ रूपये मंजूर किए गए हैं।

10. वर्तमान शैक्षिक सत्र 2018 के दौरान कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में दो और विषयों में मास्टर डिग्री यानी प्लांट पैथोलॉजी और फूड टेक्नोलॉजी में शुरू की गई है।

11. वर्तमान शैक्षिक सत्र से तीन विषयों आनुवंशिकी एवं पौध प्रजनन, शस्य विज्ञान और बागवानी में विद्या वाचस्पति कार्यक्रम शुरू किया गया है।

12. अखिल भारतीय अनार उत्पादक संघ के सहयोग से कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर (जोधपुर) में 3–4 अक्टूबर, 2018 को "अनार" पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 300 अनार उत्पादकों ने भाग लिया।

13. कृषि अनुसंधान केन्द्र, जालोर में 22 अक्टूबर, 2018 को "अनार" पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें 100 से अधिक अनार उत्पादकों ने भाग लिया।

14. कृषि विज्ञान केन्द्र, जालोर में 22 अक्टूबर, 2018 को जालोर जिले के डीलर्स हेतु डिलर्स डिप्लोमा कोर्स शुरू किया गया।

15. कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर, जोधुपर में जोधपुर जिले के डीलर्स हेतु डिलर्स डिप्लोमा कोर्स 28 अक्टूबर, 2018 को शुरू किया गया।

2. अनुसन्धान निदेशालय

2.1 संस्थागत ढांचा

कृषि अनुसंधान निदेशालय का मुख्य कार्य प्रयोगों की योजना, समन्वय, निगरानी एवं आवश्यकता जनित कृषि उत्पादन प्रौद्योगिकी का विकास करना हैं। इस हेतु कृषि जलवायु खण्ड की कृषि आवश्यकताओं के अनुसार शोध कार्य किये जा रहे हैं। अनुसंधान कार्य के लिए निदेशालय विभिन्न स्त्रोतों से वित्तीय सहायता के लिए प्रयास करता है।

2.2 कार्यक्षेत्र व प्रमुख कार्य

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के क्षेत्राधिकार में 6 जिले आते हैं। जिसमें कृषि जलवायवीय खण्ड 1 अ (शुष्क मैदानी पश्चिमी क्षेत्र) में बाड़मेर व जोधपुर जिले, खण्ड 2 ब (लूणी नदी का अंतर्वर्ती मैदानी क्षेत्र) में पाली, सिरोही व जालोर जिले तथा खण्ड 2 अ (अंतर्क्षेत्रीय जलोत्सरण के अंतर्वर्ती मैदान क्षेत्र) में नागौर जिला शामिल हैं। निदेशालय के प्रत्येक केन्द्र एवं उप केन्द्र के लिए उस क्षेत्र की कृषि परिस्थितियों को मध्यनजर रखते हुए नेतृत्व एवं सत्यापीकरण उत्तरदायित्व निर्धारित हैं।

2.3 अनुसंधान निदेशालय के प्राथमिक कार्य क्षेत्र इस प्रकार है

- प्रमुख खरीफ एवं रबी फसलों की उपयुक्त किस्मों की पहचान, विकास व उन्नत उत्पादन तकनीक विकसित करना।
- विभिन्न फसलों के लिए दबाव सिंचाई प्रणाली का स्वचलनीकरण करना।
- विभिन्न सब्जियों, मसालों एवं औषधीय फसलों में जैविक कृषि तकनीक विकसित करना।
- बागवानी फसलों के लिए उत्पादन प्रौद्योगिकी का विकास करना।
- कृषि जैव विविधता संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु कार्य करना।
- विभिन्न कृषि क्रियाओं का मशीनीकरण कर लागत कम करना।
- प्रजनन एवं उन्नत बीज उत्पादन करना।



2.4 प्रमुख उपलब्धियाँ

क्षेत्रीय अनुसंधान एवं विस्तार सलाहकार समिति (जेड.आर.ई.ऐ.सी.), आवश्यकता आधारित अनुसंधान कार्यक्रमों की योजना बनाने और उत्पादन सिफारिशों को अंतिम रूप देने के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करती है। जेड.आर.ई.ऐ.सी. द्वारा राज्य के कृषि जलवायु खंड 1 अ व 2 ब के पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज हेतु सिफारिश की गई प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैः–

2.4.1 खरीफ 2018

1. मूंग में खरपतवारों का प्रबंधन करने के लिए सोडियम ऐसीफ्लोरफेन 16.5 प्रतिशत + क्लोडिनाफॉप प्रोपार्जिल 8 प्रतिशत का 187.5 ग्राम सक्रिय तत्व प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई के 15–20 दिनों बाद छिड़काव करना प्रभावी पाया गया।
2. मूंग की बीज उपज में वृद्धि हेतु फूल आने की अवस्था पर एनपीके (18:18:18) का 2 प्रतिशत घोल का पर्णीय छिड़काव करना प्रभावी पाया गया।
3. तिल में मैक्रोफोमिना तना व जड़ गलन रोग की रोकथाम हेतु ट्राइकोडर्मा विरिडी + स्यूडोमोनास फ्लोरोसेंस 10 ग्राम प्रति किलोग्राम की दर से बीजोपचार व बुवाई के समय प्रत्येक की 2.5 किलो प्रति हेक्टेयर की दर से 100 किलोग्राम गोबर की खाद व 250 किलोग्राम नीम की खली में मिलाकर प्रयोग करना प्रभावी पाया गया।

2.4.2 रबी 2018–19

1. निम्नलिखित किस्मों को पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज में शामिल किया गया–

- गेहूँ – डी.बी.डब्ल्यू. 88, एम.पी. 1201, डब्ल्यू.एच. 1124, एच.आई. 8713 और डी.बी.डब्ल्यू. 90
- चना – जी.एन.जी. 2144
- सौंफ – जी.एफ. 12
- मेथी – ए. एफ. जी. 1

2. जीरे में प्लावन विधि से सिंचाई के साथ शत प्रतिशत अनुशंसित उर्वरकों की खुराक देने की तुलना में फर्टिगेशन विधि से आईडब्ल्यू/सीपीई अनुपात 0.6 पर बूंद–बूंद सिंचाई के साथ 80 प्रतिशत अनुशंसित उर्वरकों की खुराक देना प्रभावी पाया गया।
3. बेर में कटाई–छटाई (प्रुनिंग) का उत्तम समय 15 जून पाया गया जिससे फलों की अधिक उपज व गुणवत्ता प्राप्त की गई।
4. चने में खरपतवार नियंत्रण हेतु पेन्डीमेथालिन 30 ई.सी. का 750 ग्राम सक्रिय तत्व प्रति हैक्टर के हिसाब से प्रयोग करना प्रभावी पाया गया। (खण्ड 2 ब)
5. चने में फली छेदक कीट नियंत्रण हेतु फ्लुबेन्डामाइड 20 प्रतिशत डब्ल्यु. जी. का 250 ग्राम प्रति हेक्टर अथवा इमामेक्टीन बेन्जोएट 5 प्रतिशत एसजी का 220 ग्राम प्रति हेक्टर की दर से प्रयोग करना प्रभावी पाया गया। (खण्ड 2 ब)
6. प्रमुख रबी फसलों में जड़ गलन व उकटा रोगों के नियंत्रण हेतु ट्राईकोडर्मा व स्युडोमोनास प्रत्येक प्रजाति की 3 किलोग्राम मात्रा प्रति हैक्टर के हिसाब से 100 किग्रा. गोबर की खाद में अथवा प्रत्येक की 5 किलोग्राम मात्रा प्रति हेक्टर के हिसाब से 100 किलोग्राम वर्मीकम्पोस्ट में मिलाकर प्रयोग करना प्रभावी पाया गया।
7. प्रमुख रबी कीटों जैसे सैनिक कीट, पाईरिला, चना फली छेदक व झिंगूर के नियंत्रण हेतु क्युनालफॉस 1.5 डीपी का 25 किग्रा. प्रति हेक्टर से हिसाब से प्रयोग करना प्रभावी पाया गया।

2.4.3 तिल की नई उन्नत किस्म आर.टी. 372 विकसित

आर.टी. 372 ज्यादा बीज और उच्च तेलयुक्त एक सफेद बीज वाली तिल की किस्म है। इसकी औसत बीज उपज 610 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर और तेल उपज 321.1 किलो प्रति हेक्टेयर है। यह अल्टररिया पत्ती धब्बा, जीवाणु पत्ती धब्बा और

तिल किस्म आर.टी. 372

पाउडरी फफूंदी रोग के लिए प्रतिरोधी है। यह किस्म पत्ती मोड़क कीट और कैप्सूल बोरर (एंटीगास्ट्रा) के लिए मामूली प्रतिरोधी है। आर.टी. 372 औसतन 87 दिनों में परिपक्व होती है तथा 41 दिनों में फूल आ जाते है। बीज, तेल उपज और रोग प्रतिरोध के गुणों को देखते हुए, आर.टी. 372 को देश के जोन – 1 में खरीफ मौसम की वर्षा पोषित स्थिति के लिए राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैंड, कर्नाटक और तेलंगाना राज्यों के कुछ हिस्सों में उगाने हेतु विकसित व चिन्हित की गई।

2.4.4 नवीन क्षमतावान फसलों पर अनुसंधान कार्य

विभिन्न क्षमतावान फसलों जैसे असालिया, चिया, किनोवा व ड्रैगन फल पर प्रारम्भिक परीक्षण प्रारम्भ किया गया। असालिया के 12 जिनोटाइप व चिया के 24 जिनोटाइप में से अच्छे प्रदर्शन के आधार पर जिनोटाइप की छंटनी की गयी। अन्तिम परिणाम उपरान्त इन फसलों की उपयुक्त किस्मों की सिफारिशें की जा सकेगी।

2.5 बीजीय मसालों पर सी.एस.एस. परियोजना

सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय (कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार) कालीकट, केरल द्वारा पूर्णतः वित्त पोषित योजना, जो कि केन्द्रीय प्रायोजित योजना–मिशन फॉर इन्टीग्रेटेड होर्टीकल्चर डवल्पमेन्ट के अंतर्गत कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर–जोधपुर पर संचालित की जा रही है। इस योजना के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:–

- बीजीय मसालों का उन्नत बीज उत्पादन तथा वितरण।
- बीज विधायन तथा भण्डारण हेतु बुनियादी ढाँचा विकसित करना।
- अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों द्वारा प्रौद्योगिकी का प्रसार–प्रचार।
- प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमीनार, कार्यशाला तथा किसान गोष्ठी इत्यादि का आयोजन कर उन्नत तकनीकी का प्रचार–प्रसार करना।

भूरा चिया फसल परीक्षण

भूरा चिया फसल परीक्षण

असालिया फसल परीक्षण

ड्रैगन फल का पौधा

उक्त उद्देश्यों के अंतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा बीजीय मसालों पर कार्य किया जा रहा हैं। जिसका वर्ष 2018–19 में प्रगति विवरण निम्नलिखित हैंः–

- योजना के अंतर्गत बीजीय मसालों का उच्च गुणवत्तायुक्त बीजोत्पादन विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों पर किया गया जिनकी मात्रा निम्नानुसार हैं–

- अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों द्वारा बीजीय मसालों की उन्नत कृषि तकनीकों का प्रचार–प्रसार करने हेतु जीरे के 15 प्रदर्शन व मैथी के 40 प्रदर्शन सहित कुल 55 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाये गये। किसानों को विभिन्न आदान जैसे बीज, उर्वरक, खरपतवारनाशी, कीटनाशी, फफूंदनाशी इत्यादि प्रदान किये गये।

क्र. सं.	केन्द्र	बीज उत्पादन (क्विंटल)					
		जीरा	मैथी	धनिया	सौंफ	कलोंजी	सुवा
1.	कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर	25.0	7.0	–	–	–	0.5
2.	कृषि अनुसंधान केन्द्र, केशवाना–जालोर	22.6	16.5	–	–	–	–
3.	कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, सुमेरपुर–पाली	–	28.3	13.78	3.4	0.6	–
4.	कृषि महाविद्यालय, मण्डोर	10.5	–	–	–	–	–
	कुल	58.1	51.8	13.78	3.4	0.6	0.5

जीरा व मैथी के 2017–18 के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों के लिए किसानों को आदान वितरण

- जीरे व मैथी की उन्नत फसलोत्पादन तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने हेतु किसानों को जानकारी प्रदान की गई। इन प्रदर्शनों में जीरे की 21.1 प्रतिशत व मैथी की 19.3 प्रतिशत अधिक उत्पादकता दर्ज की गई।
- बीजीय मसाला फसलों की उन्नत तकनीक का प्रचार–प्रसार करने हेतु चार कृषक प्रशिक्षण शिविरों {कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर–जोधपुर (1), बिलाड़ा (1), डूंधाड़िया (Dundhadiaa)–ओंसिया (1) व कदम कदमनी भुरयासनी (Kadam Kadamni Bhuryasni)–मेड़ता सिटी (1)} का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में कुल 401 किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर उन्नत कृषि क्रियाओं की जानकारी प्राप्त की।

विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेते प्रतिभागी कृषकगण

2.6 परियोजना समन्वय इकाई (बाजरा), ए.आई.सी.आर.पी. बाजरा परियोजना

अखिल भारतीय समन्वित बाजरा अनुसंधान परियोजना के परियोजना समन्वयक का मुख्यालय कृषि अनुसंधान केन्द्र, मंडोर पर स्थित हैं। इस परियोजना का शत प्रतिशत बजट भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित है।

7. Dr Vinod Kumar presented a lecture entitled "Academic rules and regulations at Agriculture University Jodhpur" in the orientation course programme for Non-Teaching staff at COA Jodhpur on 16 Oct, 2018.
8. Dr Vinod Kumar presented a lecture entitled "Science Education and Opportunity" organized an "INSPIRE Science Camp-2018" at Eternal University, Baru Sahib, from 03-09 Jan, 2018.
9. Dr. Krishna Saharan Assistant Professor (Microbiology), Dr. Vinod Kumar, Assistant Professor (Biochemistry), Dr. Dama Ram,

Assistant Professor (Plant Pathology), Dr. L. Netajit, Assistant Professor (Agricultural Statistics) Ms. Rupal Dhoot, Assistant Professor (GPB), and Er. Piyush Paradhan, Assistant Professor (Farm Machinery & Power Engineering) attended 21 days Orientation course on "Agricultural Education, Research and Extension Management" at Agriculture University, Mandor, Jodhpur, Rajasthan, India.

10. Dr. Krishna Saharan, attended and presented a poster tin the 4th India International Science Festival (5-8th Oct 2018), at Luchnow, UP, India.
11. Dr. L. Netajit Singh attended International Conferences on Challenge and solution for a Sustainable Environment 9th -11th Febbruary-2018 at Jaipur, Rajasthan
12. Prof. Ummed Singh participated and presented paper (Oral) in XXI Biennial National Symposium of Indian Society of Agronomy on Doubling farmers' income through agronomic interventions under changing scenario' held at MPUAT, Udaipur during October 24-26, 2018.
13. Prof. Ummed Singh participated in IInd Annual Higher Education and Human Resource Conclave, organized by Department of Higher and Technical Education, Government of Rajasthan at Jaipur during 24-25 September, 2018.
14. Shri P.R. Raiger, Assistant Professor (Soil Science), attended 21 days summer school on production of Bio- CNG Organic Manure through Anaerobic Agro- Waste Decomposition Techniques. At Dryland Farming Research Station, Arjia, Bhilwara (MaharanaPratap University Of Agriculture &Technology , Udaipur) August, 10-30, 2017(21 days)

4.1.3.8 खेल कूद प्रतियोगिता

1. अंतर–कृषि महाविद्यालय खेल–कूद प्रतियोगिता 2017–18 का आयोजन कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर, पाली में दिनांक 28 से 30 अप्रैल, 2018 को किया गया। इस प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय, मण्डोर, जोधपुर के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। कृषि महाविद्यालय, मण्डोर, जोधपुर के छात्र–छात्राओं ने इन्टर महाविद्यालय खेल कूद प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया।
2. धर्मेन्द्र ने 100 मीटर रेस में तृतीय एवं 200 मीटर रेस में पुरूष वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
3. इन्द्रा गोस्वामी एवं राजबाला ने 100 मीटर रेस में महिला वर्ग में क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये।
4. इन्द्रा गोस्वामी ने 200 मीटर रेस में महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
5. मोहन लाल ने 800 मीटर रेस में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
6. मोहन लाल एवं मुकेश कुमार ने 1500 मीटर रेस में पुरूष वर्ग में क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।
7. धर्मेन्द्र ने लम्बी कूद में पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।
8. शैलेन्द्र कुमार एवं मुकेश कुमार ने त्रिकूद में पुरूष वर्ग में क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।
9. इन्द्रा गोस्वामी ने त्रिकूद में महिला वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
10. अनिता ने शॉट पुट में महिला वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
11. मुकेश कुमार ने तस्तरी फेंक में पुरूष वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
12. सुरभि जाँगिड़ एवं अनिता ने तस्तरी फेंक में महिला वर्ग में क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।
13. कृषि महाविद्यालय, मण्डोर ने 100 मीटर रिले दौड़ में पुरूष वर्ग (शैलेन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र, शिवशंकर एवं बांकाराम) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
14. कृषि महाविद्यालय, मण्डोर ने 100 मीटर रिले दौड़ में महिला वर्ग (इन्द्रा गोस्वामी, राजबाला, अनिता एवं नंदा देवी) में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
15. कृषि महाविद्यालय, मण्डोर ने 400 मीटर रिले दौड़ में पुरूष वर्ग (धर्मेन्द्र, रविन्द्र सिंह, गणपत राम एवं बांका राम) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
16. कृषि महाविद्यालय, मण्डोर ने 400 मीटर रिले दौड़ में महिला वर्ग (इन्द्रा गोस्वामी, ज्योति वर्मा, साक्षी चौधरी एवं नंदा देवी) में तृतीय स्थान प्राप्त किया।
17. लम्बी कूद में सुरेन्द्र कुमार, ट्रिपल जम्प में शैलेन्द्र कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।
18. टीम इवेन्ट के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय, जोधपुर के पुरूष वर्ग के छात्रों ने बैडमिन्टन, टेबल टेनिस व क्रिकेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

19. वहीं कृषि महाविद्यालय, जोधपुर के छात्र– छात्राओं ने अन्य प्रतिस्पर्धाओं में भी उम्दा प्रर्दशन कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

4.1.4 आलौच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धियाँ

- कृषि महाविद्यालय में 120 के.वी. का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है जिससे प्रतिदिन उत्पादित बिजली महाविद्यालय में उपयोग के साथ–साथ अनुसंधान कार्यालय को भी उपलब्ध करवाई जाएगी।
- नवनियुक्त अशैक्षणिक कर्मचारियों का सात दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- कृषि महाविद्यालय, जोधपुर के छात्र–छात्राओं ने जेट प्री–पीजी 2018 परीक्षा व ICAR में अच्छा प्रदर्शन कर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त किया।
- महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति के निर्देशानुसार शैक्षणिक वातावरण में सुधार के उपायों को लागू किया गया हैं।
- सत्र 2018–19 से महाविद्यालय में एक और विषय पादप रोग विज्ञान में स्नातकोत्तर तथा तीन विषयों शस्य विज्ञान, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन व उद्यानिकी में पी.एच.डी. कार्यक्रम शुरु किया गया।
- महाविद्यालय में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन द्वारा सुनिश्चित की गयी।
- शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य हेतु एलसीडी प्रोजेक्टर का उपयोग कर पावर पाईन्ट प्रेजेन्टेशन द्वारा शिक्षण कार्य किया जा रहा हैं।
- 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति रहने पर उनके अभिभावकों को पत्र एवं दूरभाष द्वारा सूचना दी गई।

4.1.5 आधारभूत सुविधाएँ

4.1.5.1 छात्रावास

कृषि महाविद्यालय, मण्डोर जोधपुर में 60 छात्राओं को समायोजित करने की क्षमता वाले एक छात्रावास को मंजूरी दे दी गई है और इसका निर्माण जल्द ही शुरू हो रहा है। हालांकि, वर्तमान में कॉलेज में छात्रों का कोई छात्रावास उपलब्ध नहीं हैं।

4.1.5.2 पुस्तकालय

1. पुस्तक संख्या – 2354
2. पत्रिका संख्या – 25
3. समाचार पत्र – 5 (हिन्दी – 2, अंग्रेजी – 3)
4. रोजगार समाचार पत्र – 1

4.1.6 शैक्षणिक एवं शोध फार्म

कृषि महाविद्यालय, जोधपुर के प्रक्षेत्र का क्षेत्रफल 12.74 हेक्टेयर है. यह प्रक्षेत्र सभी कृषि सुविधाओं से परिपूर्ण है। कृषि से सम्बंधित इम्प्लीमेंट्स जैसे कल्टीवेटर, हेरों, डिस्क प्लाऊ, मल्टी–पर्पज़ थ्रेशर, कैस्टर थ्रेशर, ड्रिप इरीगेशन, स्प्रिंकलर, अंडरग्राउंड इरीगेशन पाइप, टूबवेल, लेवेलर, ट्रेक्टर, वाटर टैंक, वाटरशेड और जी एल आर उपलब्ध है। वर्तमान में बटाई पद्धति से खेती की जा रही है। भविष्य में यहाँ छात्रों व अध्यापकों के अनुसंधान लगाये जाने सुनिश्चित किये गए है। साथ ही साथ कुछ प्रोजेक्ट के प्रयोग भी लगाये जाने है।

बीज उत्पादन

कृषि महाविद्यालय, जोधपुर के प्रक्षेत्र पर 2017–18 व 2018–19 के दौरान निम्नलिखित फसलों एवं उनकी किस्मों का बीज उत्पादन किया गया:

विवरण	फसल	किस्म	उत्पादन (क्विंटल)
खरीफ–2017	मूँग	जी.एम.–4	18.0
		जी.एम.–5	5.8
रबी–2017–18	जीरा	जी.सी.–4	7.0
जायद–2018	शंकर बाजरा	एम.पी.एम.एच. 21	5.15

4.1.7 छात्रोपयोगी सह–शैक्षणिक गतिविधियां

4.1.7.1 विशेष अध्यापन का आयोजन व शैक्षणिक भ्रमण

- कृषि महाविद्यालय मण्डोर, जोधपुर में नियमित कक्षाओं के साथ–साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अध्यापकगण एवं व्यवसायक ज्ञानीजन अपना योगदान दे रहे है।
- कृषि स्नात्तक (ऑनर्स) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने कृषि सूक्ष्म जीव विज्ञान विषय के अन्र्तगत जय नारायण व्यास विश्व विद्यालय की वनस्पति विज्ञान विभाग की विभिन्न प्रयोगशालाओं (पादप कार्यात्मक जीनोमिक्स, प्रोटियोमिक्स, BNF) का भ्रमण कर विभिन्न उपकरणों

एवं प्रयोगशालाओं में चल रहे विभिन्न प्रयोगों पर आधारित अनुसंधान कार्यों की जानकारी हासिल की।

- स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों ने डॉ. विकास पवरिया (सह आचार्य कृषि अर्थशास्त्र) के सान्निध्य में जोधपुर जीरा मण्डी का भ्रमण किया। और राष्ट्रीय कृषि बाजार के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

4.1.7.2 विशेष लेक्चर का आयोजन

- Dr. Balraj Singh,Hon'ble Vice Chancellor, AU, Jodhpur, Agriculture Education: Prospects and Challenges on the eve of Education day, 3rd Dec., 2016
- Dr. (Mrs.) Kamlesh Singh , Associate Prof. IIT Delhi, One month on line certificate course on 'Psycho-spiritual intervention programme for college students', May 1-30, 2018
- Dr. U.N. Shukla, Asstt. Prof. (Agronomy), CoA, Mandor, Group discussion on 'Organic farming: Its feasibility in India and world', 10th May, 2018
- Dr. C.S. Praharaj, Crop Production, IIPR Kanpur delivered a lecture on 'Tactical Water Management' on 15 Sept, 2018.

- Dr. D. R. Shivram, Finance Department, Jaipur delivered a lecture on "Prepration for JRF, SRF and Other agricultural competitive exams on 8 Sept, 2018.

4.1.7.3 मानवीय मूल्य एवं नैतिकता पर लेक्चर का आयोजन

- महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं को आध्यात्मिक तौर पर हिन्दू संस्कृति के बारे में समय–समय पर विशेषज्ञों द्वारा बोध करवाया जाता हैं इस कड़ी में 31 अक्टूबर 2018 को संत सनकृष्ण प्रियादास, ISKON, Jodhpur द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

4.1.8 छात्र प्लेसमेन्ट्स व अन्य संस्थानों में प्रवेश

- कृषि महाविद्यालय मण्डोर में विभिन्न कंपनियों और प्रतिस्पर्धा परीक्षा के माध्यम से 11 विद्यार्थियों की विभिन्न बैंक, राज्य सरकार की सेवायें व अन्य संस्थानों में नियुक्ति हुई।
- कृषि महाविद्यालय मण्डोर से 8 स्नात्तक उत्तीर्ण विद्यार्थियों ने देश के विभिन्न विश्वविद्यालय व संस्थानों में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की जे.आर.एफ परीक्षा के तहत प्रवेश लिया जिनमें से 4 छात्रों को जे.आर.एफ. छात्रवृति प्रदान की गई ।

4.1.9 अवार्ड और पुरस्कार (Faculty and staff)

1. Dr. Vinod Kumar Asst. Prof. (Biochemistry), College of Agriculture, conferred for BRICPL Young Biochemist Award in ICAAAS-2018, organized at JNU, New Delhi, on 28th Day of April, 2018
2. Dr. Vinod Kumar Asst. Prof. (Biochemistry), College of Agriculture, awarded as 'Outstanding participant' in the First Orientation Course programme of Agriculture University held on June 11-July 01, 2018.
3. Prof. B.S. Rajpurohit was honoured by AICRP on Pearl Millet in the 52nd Annual Group Meeting held at Agriculture University, Jodhpur, Rajasthan during March 22-24, 2018 for his outstanding contribution in the field of Pearl Millet Improvement.

4. Prof. Ummed Singh, was honoured with 'ISA Associateship' by Indian Society of Agronomy in the XXI National Biennial Symposium of Indian Society of Agronomy held at Maharana Pratap University of Agriculture & Technology, Udaipur, Rajasthan during October 24-26, 2018 for his outstanding contribution in the field of agronomy.

4.1.10 सार संक्षेप

कृषि महाविद्यालय, मण्डोर जोधपुर द्वारा विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने एवं उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिये आवश्यक शैक्षणिक वातावरण जैसे–नियमित कक्षाओं का संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल–कूद प्रतियोगिता, व्याख्यान इत्यादि का आयोजन समय–समय पर किया जा रहा हैं। शिक्षण कार्य के अतिरिक्त प्रशासनिक कार्यों में भी शिक्षकों द्वारा सहयोग किया जा रहा हैं।

4.2 कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर (पाली)

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर लूणी नदी के संग्रहण क्षेत्र के परिवर्तनशील मैदान खण्ड–2 बी (जालोर, पाली एवं सिरोही जिले) में स्थित हैं। इस महाविद्यालय में कृषि विज्ञान (ऑनर्स) स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में कुल 183 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं। जिनमें प्रथम वर्ष के 47, द्वितीय वर्ष के 48, तृतीय वर्ष के 45 तथा अंतिम वर्ष के 43 विद्यार्थी हैं। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के तीसरे बैच ने जून, 2018 में अपनी डिग्री पूर्ण की है। इस वर्ष महाविद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने भारत के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर में प्रवेश लिया है। चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को आठवें सेमेस्टर में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (Rural Agriculture Work Experience) कार्यक्रम के तहत् कृषि सम्बन्धित कार्य एवं कृषकों की सामाजिक, आर्थिक, कृषि तकनीकी ज्ञान एवं औद्योगिक कार्य अनुभव सम्बन्धी कार्यानुभव प्राप्त करने हेतु गाँवों एवं औद्योगिक ईकाईयों में भेजा जायेगा। महाविद्यालय द्वारा छात्रों की शिक्षा सुचारू रूप से निष्पादित की जा रही हैं तथा छात्रों का प्रदर्शन उत्तम हैं।

महाविद्यालय के उद्देश्य

1. कृषि से सम्बन्धित विभिन्न विषयों का संपूर्ण ज्ञान प्रदान करना।
2. शिक्षा के साथ–साथ विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए कार्यक्रमों का आयोजन।
3. महाविद्यालय का प्रमुख कार्य कृषि से सम्बन्धित सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक शिक्षा प्रदान करना।
4. राष्ट्र के लिए अच्छे प्रशासक तैयार करना।

4.2.1 स्वीकृत कार्य एवं रिक्त पदों का विवरण

अ. शैक्षणिक पदों का विवरण

पद का नाम	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
सहायक आचार्य	18	08	10
सह–आचार्य	04	01	03
आचार्य	01	01	00

ब. गैर–शैक्षणिक पदों का विवरण

पद का नाम	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
प्रयोगशाला सहायक+	04	02	02
निजी सहायक	01	01	00
कनिष्ठ लिपिक	01	01	00
फार्म मैनेजर	01	00	01
पम्प ऑपेरटर+	01	00	01
पुस्तकालय सहायक	01	00	01
कृषि पर्यवेक्षक	01	01	00
फार्म वर्कर	01	00	01
बुक लिफ्टर	01	00	01
खेल कोच	01	00	01
तकनिकी सहायक	02	01	01
सहायक अनुभाग अधिकारी	01	01	00
वाहन चालक	–	–	–

+ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद के विरुद्ध कार्यरत

4.2.2 शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र–छात्राओं की संख्या

4.2.2.1 स्नात्तक कार्यक्रम

अ. लड़कों की संख्या

कक्षा	सामान्य वर्ग	एस.बी.सी.	अ.पि.व.	अनु.जाति	अनु.जनजाति	कुल
प्रथम वर्ष	07	00	21	02	06	36
द्वितीय वर्ष	04	00	19	08	06	37
तृतीय वर्ष	05	01	21	04	03	34
चतुर्थ वर्ष	07	00	17	05	04	33
कुल योग						140

ब. लड़कियों की संख्या

कक्षा	सामान्य वर्ग	एस.बी.सी.	अ.पि.व.	अनु.जाति	अनु.जनजाति	कुल
प्रथम वर्ष	02	01	07	01	00	11
द्वितीय वर्ष	01	00	06	00	04	11
तृतीय वर्ष	00	01	04	06	00	11
चतुर्थ वर्ष	02	00	05	02	01	10
कुल योग						43

4.2.2.2 कुल उत्तीर्ण विद्यार्थी जिन्होने वर्ष 2018 डिग्री पास कर ली हैं

डिग्री कार्यक्रम	सामान्य वर्ग	एस.बी.सी.	अ.पि.व.	अनु.जाति	अनु.जनजाति	कुल
स्नात्तक कार्यक्रम	05	00	23+	07	05	40
कुल योग						40

+एक विद्यार्थी गणित विषय में अनुत्तीर्ण

4.2.3 विभाग के प्रमुख कार्य तथा प्रत्येक कार्य के विरूद्ध वर्ष 2018–19 की प्रगति

- प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष बी.एस.सी. (कृषि) के प्रथम मध्य समयावधि (मिडटम) की परीक्षाएँ पूर्ण हो चुकी हैं तथा प्रायोगिक परीक्षाएँ नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है।
- विद्यार्थियों को समसामयिक घटनाओं एवं तथ्यों इत्यादि की जानकारी से अवगत करवाने हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र, पत्रिकाएँ एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं।
- शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य हेतु एल.सी.डी. प्रोजेक्टर का उपयोग कर पावर–पाईन्ट प्रेजेन्टेशन द्वारा शिक्षण कार्य करवाया जा रहा हैं।
- 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति रहने पर उनके अभिभावकों को पत्र एवं दूरभाष द्वारा सूचना दी जा रही हैं।
- कम्प्यूटर प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा का ज्ञान प्रदान करवाया जा रहा है।
- बच्चों के शारीरिक विकास हेतु खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, शतरंज, वॉलीबॉल एवं एथलेटिक प्रतियोगिता आदि खेल सम्मिलित हैं।
- राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा पौध रोपण करवाया गया एवं समय–समय पर परिसर में सफाई अभियान चलाया जा रहा है।
- महाविद्यालय परिसर में सोलर प्लांट स्थापित किया गया है। जिससे महाविद्यालय के साथ–साथ अन्य संस्थानों को भी बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी।

4.2.3.1 विद्यार्थियों का शैक्षणिक प्रदर्शन

कक्षा	विद्यार्थियों की संख्या एवं प्राप्तांक प्रतिशत					कुल विद्यार्थी	टिप्पणी
	50 से कम	51 से 60	61 से 70	71 से 80	81 प्रतिशत से अधिक		
बी.एससी.(ऑनर्स) कृषि							
प्रथम वर्ष	00	16	29	04	00	49	परिणाम घोषित
द्वितीय वर्ष	00	05	25	14	02	46	परिणाम घोषित
तृतीय वर्ष	00	01	13	25	04	43	परिणाम घोषित
चतुर्थ वर्ष	00	06+	23	10	01	40	परिणाम घोषित

+एक छात्र के गणित विषय बाकी

4.2.3.2 छात्रवृत्ति विवरण

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर, के छात्र–छात्राएँ छात्रवृत्ति में भी अपनी अग्रणी भूमिका अदा करते है। कृषि विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा छात्राओं के अध्ययन हेतु प्रोत्साहन राशि स्वरूप कुल 44 छात्राओं को रु. 12,000/– प्रति वर्ष दी जा रही है। इसके अलावा MHRD छात्रवृत्ति हेतु कई विद्यार्थियों ने आवेदन कर रखा है। जिसके परिणाम अभी अपेक्षित है। समाज कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति में अनुसुचित जाति के 26 अनुसुचित जनजाति के 19, अ.पि.व. के 8 एवं एस.वी.सी. के 02 छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति की सुविधा दी जा रही है। इसके अतिरिक्त अल्पसंख्यक के 03 छात्रों ने अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति एवं कई विद्यार्थियों ने श्रम विभाग, राजस्थान सरकार से दय छात्रवृत्ति हेतु आवेदन कर रखा है।

4.2.3.2.1 छात्रों द्वारा प्राप्त छात्रवृत्ति का विवरण 2017–18

छात्रवृत्ति का नाम	छात्रों की संख्या	अनुदान के स्त्रोत
एससी / एसटी / ओबीसी / एसबीसी	55	समाज कल्याण और अधिकारिता विभाग, जयपुर
पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति	2	माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान
छात्राओं के लिए प्रोत्साहन राशि	43	कृषि विभाग, राजस्थान सरकार
अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति	03	अल्पसंख्यक मामलात विभाग, राजस्थान सरकार
कुल छात्रवृतियाँ	103	

4.2.3.3 कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के उत्तीर्ण छात्रों का राष्ट्रीय संस्थानों में नामांकन/प्रवेश

वर्ष 2018–19 में कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर से 40 छात्रों ने बी.एस.सी. (ऑनर्स) कृषि में डिग्री उत्तीर्ण की। उनमें से उच्च शिक्षा हेतु विभिन्न राज्य व राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों में 11 छात्र–छात्राओं का स्नातकोत्तर शिक्षा हेतु प्रवेश हुआ।

4.2.3.4 महत्वपूर्ण दिवसों एवं कार्यक्रमों का आयोजन/पखवाड़ा

4.2.3.4.1 कृषि महाविद्यालय सुमेपुर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

दिनांक 24.04.2018 को माननीय मुख्यमंत्री महोदया श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया, राजस्थान सरकार के कर कमलो द्वारा कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति महोदय प्रो. बलराज सिंह, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं महाविद्यालय के अन्य वैज्ञानिक उपस्थित रहे। प्रो. बलराज सिंह, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने 5 वें अधिष्ठाता समिति सिफारिश, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अनुसार छपाई गई पाठ्यक्रम पुस्तक, सूचना बुलेटिन पुस्तक एवं किसानो के हित के लिए छपाया गया फोल्डर ''हरी खाद का प्रयोग कर अधिक उत्पादन लेंवे'' का विमोचन किया गया । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के सभी कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहे।

4.2.3.4.2 गणतन्त्र दिवस का आयोजन

कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर में गणतन्त्र दिवस का आयोजन डॉ. एस.डी. रतनू, अधिष्ठाता के मुख्य अतिथ्य में दिनांक 26.01.2018 को प्रातः 8.00 बजे ध्वजारोहण कर शुभारंभ किया गया तथा सभी को अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा द्वारा जीवन को सफल बनने का संदेश दिया। इस अवसर पर छात्र कल्याण इकाई के द्वारा देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत समूह गान एवं नृत्य, एकल गान एवं नृत्य, रोल प्ले, कविता इत्यादि प्रस्तुतियों द्वारा सभी को देश प्रेम की भावना से ओत–प्रोत किया।

4.2.3.4.3 विश्व योग दिवस का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में सभी प्रतिभागियों की शांति, सद्भाव, खुशी और सफलता हेतु 21 जून 2018 को विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। इस समारोह में डॉ. एस. डी. रतनू, अधिष्ठाता ने योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में अवगत करवाया तथा बताया कि योग का वर्णन हमारे वेदों और उपनिषदों में किया गया है, जो प्रत्येक व्यक्ति को नित्य कर्म की तरह करना चाहिए । कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. आर.के. राठौड़ के निर्देशन में सूर्य नमस्कार के साथ हुई जिसमें व्यस्त जीवन में खुश रहने के अनेक तरीके बताते हुए योग की विभिन्न कलाओं के सहज भाव से सम्पन्न करने का प्रदर्शन किया गया । डॉ. एच. पी. परेवा, सहायक प्रोफेसर (मृदा विज्ञान) ने कार्यक्रम में भाग ले रहे, अधिकारियों, विद्यार्थियों को योग की विभिन्न कलाओं सुरवासन, सिद्धासन, पद्मासन, गरूडासन, अर्ध चन्द्रासन एवं सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया तथा बताया कि नियमित योग करने से असाध्य रोगों से भी निदान पाया जा सकता है ।

4.2.3.4.4 रैगिंग विरोधी समितियों का गठन

यूजीसी नियमन के अनुसार उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग रोकने के लिए 25 जून, 2018 को कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में विभिन्न रैगिंग विरोधी समितियों का गठन किया गया। सत्र की शुरूआत (जुलाई, 2018) में संस्था के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर रैगिंग विरोधी फ्लेक्स / बैनर लगाए गए हैं।

रैगिंग सम्बंधित किसी भी शिकायत हेतु अधिकारियों एवं विभिन्न समितियों के सदस्यों के फोन नंबर एवं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर कृषि महाविद्यालय एवं कन्या छात्रावास, परिसर में लगाए गए हैं।

4.2.3.4.5 उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु सत्र के आरम्भ में ही दिनांक 10 जुलाई, 2018 को उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. आर. के. राठौड़ के निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय की परम्परा के अनुसार द्वितीय वर्ष के छात्र– छात्राओं ने नवागंतुकों का स्वागत किया तथा सभी नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं का तिलक लगाकर, रोली बाँधकर एवं मुँह मीठा कराकर अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त नव प्रवेशित छात्र–छात्राएँ अकादमिक एवं कार्यालय कर्मचारियों से परिचित हुए। साथ ही उन्हें विभिन्न विषयों से जुड़े रोजगार के अवसरों से भी अवगत कराया गया। सम्बंधित प्रभारियों के द्वारा राज्य सरकार की स्वीकृत छात्रवृत्तियों, परीक्षा एवं अध्ययन सम्बन्धी नियम, आचरण संहिता, खेलकूद नियम, कन्या छात्रावास नियम, पुस्तकालय नियम एवं प्रक्रियाओं आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

4.2.3.4.6 स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में पूर्व वर्षों की भांति स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.डी. रतनू ने ध्वजारोहण कर विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान के बारे में बताया तथा विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं संयम के महत्व को समझाया। इस उपलक्ष पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति पेश की।

अधिष्ठाता महोदय द्वारा ध्वजारोहण

कर्मचारी एवं छात्र–छात्राएँ

छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य

4.2.3.4.7 शिक्षक दिवस का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की याद में 5 सितंबर, 2018 को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बी.एससी. (ऑनर्स) कृषि के विभिन्न सेमेस्टर्स के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। छात्रों ने शिक्षक दिवस के इस अवसर पर संकाय सदस्यों को आमंत्रित किया एवं विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी।

4.2.3.4.8 सर्जिकल स्ट्राइक वर्षगाँठ समारोह का आयोजन

दिनांक 29 सितम्बर 2018 को कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर में सर्जिकल स्ट्राइक वर्षगाँठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. एस.डी. रतनू ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि छात्रों को देशभक्ति की भावना से ओत–प्रोत होकर कार्य करना चाहिए तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर देश सेवा करने का सन्देश दिया।

4.2.3.4.9 महात्मा गाँधी जयंती कार्यक्रम का आयोजन

महात्मा गाँधी के जन्म दिन पर 2 अक्टूबर, 2018 को कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के कर्मचारियों व विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा है, के संदेश के साथ गाँधी जयंती समारोह सम्मान पूर्वक मनाया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.डी. रतनू ने विद्यार्थियों को परिसर स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। डॉ. आर.एल. भारद्वाज ने विद्यार्थियों को अहिंसा एवं सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. एच. पी. परेवा, डॉ. पी.सी मीणा, डॉ. ऋचा सचान एवं कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र के डॉ. दिलीप कुमार एवं डॉ. आर.के.राठौड आदि मौजूद रहे।

4.2.3.4.10 वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में अधिष्ठाता महोदय, डॉ. आर. एल. भारद्वाज, डॉ. एच.पी. परेवा, डॉ. ऋचा सचान, की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रत्येक छात्र–छात्रा को वर्ष के प्रारम्भ में ही चार पौधों को गोद लेकर चार साल तक उन पौधों की देखभाल करनी है। कार्यक्रम के अन्तर्गत चम्पा, गुलमोहर, अशोक, बोगनविलिया तथा नीम आदि के पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

4.2.3.4.11 राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रजातांत्रिक जीवन शैली अपनाने तथा समाज की निःस्वार्थ सेवा भावना को बनाए रखने की दिशा में किए गए अपने प्रयासों में विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना आरंभ की गई है। राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र–छात्राओं को अन्य व्यक्तियों के विचारों से सहमत होने तथा अन्य जीवों का ध्यान रखने की भावना के विकास में सहायक है। राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने मिलकर महाविद्यालय में चारों ओर पौधरोपण का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर व कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, सुमेरपुर में सफाई अभियान चलाकर परिसर क्षेत्र को साफ–सुथरा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सप्ताह में एक दिन महाविद्यालय में कार्यक्रम डॉ. आर.एल. भारद्वाज, प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के निर्देशन में किया जा रहा है। इस योजना के मुख्य विषय ''मैं नहीं बल्कि आप'' में यह विश्वास निहित है कि किसी व्यक्ति का कल्याण कुल मिलाकर पूरे समाज के कल्याण पर निर्भर करता है, अतः राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी समाज के कल्याण तथा विभिन्न सामाजिक बुराइयों को दूर करने तथा पर्यावरण, स्वच्छता, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित सामुदायिक समस्याओं के प्रति चेतना लाने में प्रयासरत रहते हैं।

4.2.3.5 ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम

शैक्षणिक सत्र 2018–2019 में चतुर्थ वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर में प्रस्तावित है।

4.2.3.6 प्रकाशन

1.	अनुसंधान पत्र	–	11
2.	पुस्तकें	–	2
3.	पुस्तक अध्याय	–	01
4.	सारांश पुस्तक / सार–संक्षेप पत्र	–	7
5.	तकनिकी बुलेटिन / प्रायोगिक गाइड	–	3
6.	लोकप्रिय लेख	–	4
7.	फोल्डर	–	3
8.	रेडिओ वार्तालाप	–	6

4.2.3.7 ट्रेनिंग/सेमिनार/लेक्चर

4.2.3.7.1 ट्रेनिंग में भाग

कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा 21 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 11 जून, 2018 से 1 जुलाई, 2018 किया गया जिसमें महाविद्यालय के निम्नलिखित सहायक प्राध्यापकों ने ट्रेनिंग ली।

अधिकारी का नाम	पद	विषय
डॉ. सुरेश चन्द मीणा	सहायक आचार्य	पादप रोग विज्ञान
डॉ. ऋचा सचान	सहायक आचार्य	प्रसार शिक्षा
डॉ. हर्षवर्धन सिंह शेखावत	सहायक आचार्य	आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन
डॉ. दिनेश कुमार	सहायक आचार्य	गणित

4.2.3.7.2 ट्रेनिंग/सेमिनार में लेक्चर

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के सहायक आचार्य, सह–आचार्य तथा अधिष्ठाता के द्वारा कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा आयोजित 21 दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में लेक्चर दिया गया।

अधिकारी का नाम	पद	लेक्चर का विषय	दिनांक	ट्रेनिंग/सेमिनार
डॉ. एस. डी. रतनू	अधिष्ठाता	कृषि महाविद्यालय सुमेरपुरः एक अवलोकन एवं भविष्यवादी अल्पकालिक दृष्टि	15.06.2018	उन्मुखीकरण कार्यक्रम
डॉ. आर. एल. भारद्वाज	सह–आचार्य	सोजत मेहन्दीः खेती और व्यावसायीकरण	25.07.2018	उन्मुखीकरण कार्यक्रम
डॉ. आर. एल. भारद्वाज	सह–आचार्य	अनार उत्पादन तकनिकी	04.11.2018	उन्मुखीकरण कार्यक्रम

अधिकारी का नाम	पद	लेक्चर का विषय	दिनांक	ट्रेनिंग/सेमिनार
डॉ. आर. एल. भारद्वाज	सह–आचार्य	नर्सरी प्रबंधन	04.11.2018	उन्मुखीकरण कार्यक्रम
डॉ. हनुमान प्रसाद परेवा	सहायक आचार्य	शुष्क और अर्द्ध शुष्क क्षेत्र में मृदा कार्बनिक कार्बन में सुधार के लिए रणनीतियाँ	25.07.2018	उन्मुखीकरण कार्यक्रम
डॉ. दिनेश कुमार	सहायक आचार्य	A note on the Fractional Calculus and Applications	6–8 जुलाई, 2018	अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार

4.2.3.7.3 सेमिनार/संगोष्ठी में भाग

1. Dr. P.C. Meena, attended 38th Annual Conference on Voyage of Globalization: Invisible to the Visible Hand. 29-30, January-2018.
2. Dr. H.P. Parewa, attended seminar on "Sustainable Agricultural Practices for Seed Spices" held during 24-25 February, 2018 at ICAR-NRCSS, Ajmer.
3. Shri L.K. Jain, attended seminar on "Sustainable Agricultural Practices for Seed Spices" held during 24-25 February, 2018 at ICAR-NRCSS, Ajmer.
4. Dr. Dinesh Kumar, Assistant Professor (Mathematics) attended International Congress of Mathematics 2018 (ICM-2018); Organized by IMPA and the Brazilian Mathematical Society, 2nd - 4th November, 2017 from 1st - 9th August, 2018, Rio de Janeiro, Brazil. (Presented a Short Communication entitled: "Generalized fractional Kinetic equations associated with Aleph functions").
5. Dr. Dinesh Kumar, Assistant Professor (Mathematics) attended National Conference on "New Advances in Theoretical Computer Science, Algorithms, and Mathematical Modeling" & 29th Annual Conference of Rajasthan Ganita Parishad (TCSMM-18); Organized by Department of CSE & IT; Mathematics (Applied Sciences), JIET Group of Institutions, Jodhpur (Raj.) India, 27th - 28th April, 2018. (Presented a Research Paper entitled: "Sumudu transforms of generalized fractional Kinetic equations").

4.2.3.9 खेलकूद

महाविद्यालय में खेलकूद एवं एथलीट गतिविधियों के लिए व्यवस्था है। पूर्ण विकसित बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं मल्टीजिम महाविद्यालय में आकर्षण का केन्द्र है। महाविद्यालय में फुटबाल एवं क्रिकेट के पूर्ण विकसित मैदान भी छात्रों के लिए उपलब्ध है।

4.2.3.9.1 वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर, (पाली) में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन 12 एवं 13 अक्टूबर, 2018 को डॉ. हनुमान प्रसाद परेवा, सहायक प्राध्यापक एवं आयोजन सचिव की देखरेख में किया गया। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2018–19 का शुभारम्भ अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर डॉ. एस.डी.रतनू ने 400 मीटर दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में 100, 200, 400, 800, 1500 मीटर दौड़, तस्तरी फेंक, त्रिकूद, लंबी कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, कबड्डी, वॉलीबाल, फुटबाल, चेस, बैंडमिंटन, टेबल टेनिस एवं क्रिकेट आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अमृतपाल सिंह, बी. एस. सी. (ऑनर्स) कृषि चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थी ने 100, 200, एवं 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ एथलीट (पुरूष)

100 मीटर दौड़ को एथलिट समाप्त करते हुए

कबड्डी मैच के बाद खिलाडी

1500 मीटर दौड़ के विजेता


400 मीटर दौड़ के विजेता

कबड्डी

लम्बी कूद

और बी. एस. सी. (ऑनर्स) कृषि, चतुर्थ वर्ष की सुश्री हंसा देवी ने प्रतियोगिता में 200, 400 एवं 800 मीटर दौड़, लंबी कूद तथा त्रिकूद में प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ एथलीट (महिला) चुनी गई। कबड्डी एवं क्रिकेट में चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुटबाल में प्रथम वर्ष की टीम विजेता रही।

4.2.3.9.1 अन्तर कृषि महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में दिनांक 29 एवं 30 अप्रेल, 2018 को कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के दो दिवसीय अन्तर कृषि महाविद्यालय खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन श्रीमान जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि, नगरपालिका अध्यक्ष, सुमेरपुर द्वारा किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.डी. रतनू ने खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की सलाह दी एवं खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए, कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया । इस कार्यक्रम में तीनों महाविद्यालयों के 27 छात्राएँ एवं 50 छात्रों ने कुल 13 प्रतियोगिता में भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मदन राठौड़, विधायक एवं उप मुख्य सचेतक, राजस्थान सरकार, कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. ईश्वरसिंह निदेशक प्रसार शिक्षा, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र सिंह देवड़ा, प्रधान, पंचायत समिति सुमेरपुर, जोराराम कुमावत अध्यक्ष नगरपालिका, सुमेरपुर एवं समाजसेवी नारायण कुमावत आदि ने विजेताओं और प्रतिभागियों को विभिन्न पदक, ट्राफियाँ और प्रमाण पत्र वितरित किए। श्री प्रवीण रावल, कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर को सर्वश्रेष्ठ एथलीट (पुरुष) और सुश्री हंसा देवी, कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट पदक से सम्मानित किया गया।

अन्तर कृषि महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का विहंग दृश्य

4.2.3.10 पुस्तकालय

महाविद्यालय का पुस्तकालय ओपन सेल्फ पद्धति के द्वारा संचालित है एवं वर्तमान में 2538 पुस्तकें, उपलब्ध हैं। पुस्तकालय में रेप्रोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय में आधुनिक कम्प्यूटर्स मय यू. पी. एस. सुविधा से उपलब्ध इन्टरनेट सेन्टर भी कार्यरत है। विद्यार्थियों को समसामयिक घटनाओं एवं तथ्यों इत्यादि की जानकारी से अवगत करवाने हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ भी उपलब्ध कराई जा रहा हैं।

1. पुस्तक संख्या – 2538
2. पत्रिका संख्या – 5
3. समाचार पत्र – 5

4.2.4 आलौच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धियाँ

1. कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के परीक्षा हॉल में मोबाइल जेमर की स्थापना की गई है।
2. कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के दो कक्षाओं को स्मार्ट कक्षा में परिवर्तित किया गया है।
3. विद्यार्थियों के उपयोग हेतु शीतल एवं शुद्ध जल की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी है।
4. विद्यार्थियों के शिक्षण हेतु प्रत्येक कक्षा में एल सी डी प्रोजेक्टर की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।
5. महाविद्यालय के मीटिंग हॉल में टेबल एवं कुर्सियों की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है।
6. विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय के खेल मैदान में क्रिकेट नेट अभ्यास सेट की स्थापना की गई है।
7. कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में 120 के.वी. का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है, जिससे प्रतिदिन उत्पादित बिजली महाविद्यालय में उपयोग के साथ–साथ अनुसंधान कार्यालय को भी उपलब्ध करवाई जाएगी।
8. महाविद्यालय में शस्य विज्ञान, प्रसार शिक्षा, आनुवंशिकी, कम्प्यूटर, उद्यान विज्ञान, पादप रोग विज्ञान की प्रयोगशालाएँ भी स्थापित की गई।
9. महाविद्यालय एवं कृषि अनुसंधान उपकेन्द्र पर वर्षा जल संग्रहण हेतु एक डिग्गी का निर्माण किया गया।

10. महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति के निर्देशानुसार शैक्षणिक वातावरण में सुधार के उपायों को लागू कर लिया गया हैं।
11. महाविद्यालय में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन द्वारा सुनिश्चित की जा रही हैं।
12. 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति रहने पर उनके अभिभावकों को पत्र एवं दूरभाष द्वारा सूचना भेजी जा रही हैं।
13. विद्यार्थियों को सूचना तकनिकी की सुविधा हेतु महाविद्यालय में संचालित कक्षाओं के समय इंटरनेट की सुविधा प्रदान करना।
14. स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय तथा अनुसंधान उप–केन्द्र परिसर में स्वच्छता का पूरे वर्ष विशेष ध्यान रखा गया है।

4.2.5 सार संक्षेप

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर अपने शिक्षकगणों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सहायता से सफलता के नए आयाम पाने को अग्रेषित है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नियमित कक्षाएं एवं अत्याधुनिक तकनिकों द्वारा शिक्षण, विद्यार्थियों के उत्साह एवं लगन को बढ़ाता है। वर्तमान सत्र में शिक्षा के साथ–साथ शारीरिक विकास पर भी सम्पूर्ण ध्यान केन्द्रित किया गया है जिसमें नियमित खेलकूद गतिविधियाँ करना एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास भी सुनिश्चित किया गया है। इसके अलावा प्रायोगिक शिक्षा पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया एवं इसके लिए आधारभूत सुविधाएं तैयार करवाई गई।

4.2.6 आधारभूत सुविधाएँ

4.2.6.1 वाहन सुविधा

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में एक बस, एक बोलेरो, दो ट्रेक्टर की सुविधा है। जिनमें से बस की सुविधा छात्र–छात्राओं को कॉलेज से विभिन्न गतिविधियों तथा प्रायोगिक कक्षाओं की बाहरी भ्रमण में काम में ली जाती है। बस की बैठक क्षमता 56 है। बोलेरों का उद्देश्य महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यो तथा यात्राओं के लिए है। ट्रेक्टर का उपयोग फार्म पर की जाने वाली गतिविधियों तथा कृषि इंजिनियरिंग की कक्षाओं के लिए छात्र–छात्राओं के प्रायोगिक अध्ययन में उपयोगी है।

4.2.6.2 छात्रावास

वर्तमान में महाविद्यालय में एक छात्रावास छात्राओं के लिए उपलब्ध हैं जिसकी क्षमता 51 है। इस छात्रावास में वर्तमान में 43 छात्राएँ निवास कर रही है। यह छात्रावास कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र के पुराने भवन में संचालित किया जा रहा हैं। छात्रावास में टेलीविजन, वाटर कुलर, रेफ्रीजरेटर एवं इन्डोर खेलों की पर्याप्त व्यवस्था है।

4.2.6.3 पुस्तकालय

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में विभिन्न प्रकार की पाठ्य पुस्तके पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है, जो कि विद्यार्थी आवश्यकतानुसार पुस्तकालय से प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु भी पुस्तकें उपलब्ध हैं।

4.2.6.4 कम्प्यूटर प्रयोगशाला

महाविद्यालय में सुसज्जित कम्प्यूटर प्रयोगशाला सूचारू रूप से संचालित की जा रही है साथ में इन्टरनेट की व्यवस्था भी है। जिसमें 30 कम्प्यूटर की सुविधा उपलब्ध है।

4.2.6.5 शैक्षणिक एवं शोध फार्म

महाविद्यालय में 20 हे. क्षेत्र में शस्य विज्ञान, उद्यान विज्ञान के लिए पूर्ण विकसित प्रक्षेत्र है, जिसमें फसलों के साथ–साथ छात्रों को प्रायोगिक प्रशिक्षण एवं संकाय अधिकारियों द्वारा विभिन्न शोध कार्य सम्पादित किये जाते हैं।

4.2.7 छात्रोपयोगी सह–शैक्षणिक गतिविधियाँ

4.2.7.1 विशेष अध्यापन का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के विद्यार्थियों को सभी विषयों का समुचित ज्ञान हो इस हेतु मॉडल्स, चार्ट्स एवं पोस्टर्स बनाने हेतु प्रेरित किया जाता है । जिसमें विद्यार्थियों ने अत्यधिक उत्साह दिखाते हुए विभिन्न ज्वलन्त एवं पाठ्यक्रम में सम्मिलित विषयों पर मॉडल्स बनाए।

4.2.7.2 विशेष लेक्चर का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के विद्यार्थियों हेतु समय–समय पर विभिन्न उत्साहवर्धक एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष लेक्चर का आयोजन महाविद्यालय के अनुभवी शिक्षकगणों द्वारा किया गया है। साथ ही बाहर से अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा भी समय–समय पर लेक्चर का आयोजन किया जा रहा है।

4.2.7.3 मानवीय मूल्य एवं नैतिकता पर लेक्चर का आयोजन

1 डॉ. (श्रीमती) कमलेश सिंह, प्रोफेसर, मनोविज्ञान, आईआईटी, नई दिल्ली द्वारा मानव मूल्यों और नैतिकता पर दिनांक 18.07.2018 को विशेष व्याख्यान दिया गया। इसमें महाविद्यालय के करीब सभी छात्र–छात्राएँ उपस्थित रहें। साथ ही पूरे सेमेस्टर में मानवीय मूल्यों एवं नैतिकता पर स्काईप एवं विडियो के माध्यम से भी डॉ. (श्रीमती) कमलेश सिंह ने सभी छात्र–छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि की है।

2 डॉ. ऋचा सचान, सहायक प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के द्वारा बी.एस.सी. कृषि प्रथम वर्ष के छात्रों को पूरे सेमेस्टर में मानवीय मूल्यों एवं नैतिकता पर अध्यापन कराया गया है।

4.2.8 छात्र प्रशिक्षण एवं प्लेसमेन्ट्स सेल

कृषि महाविद्यालय में छात्र प्रशिक्षण एवं प्लेसमेन्ट सेल कार्यरत है जिसके माध्यम से छात्रों का प्लेसमेन्ट होता है। डॉ. हनुमान प्रसाद परेवा, सहायक प्राध्यापक इस प्रशिक्षण एवं प्लेसमेन्ट सेल के प्रभारी है। इस वर्ष एक छात्र श्री राजेश कुमार का गोडवार किसान सहकारी प्राइवेट लिमिटेड में प्लेसमेन्ट हुआ।

4.2.9 अवार्ड व पुरस्कार

1 डॉ. एच.पी. परेवा, सहायक प्राध्यापक एवं साथियों को 24–25 फरवरी, 2018 को राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केन्द्र, अजमेर, राजस्थान एवं सीडा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति हेतु पुरस्कार प्रदान किया गया।

2 डॉ. एल.के. जैन, सहायक प्राध्यापक को 24–25 फरवरी, 2018 को राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केन्द्र, अजमेर, राजस्थान एवं सीडा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुति हेतु पुरस्कार प्रदान किया गया।

3 डॉ. एच.पी. परेवा, सहायक प्राध्यापक को कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर में मृदा विज्ञान प्रयोगशाला के स्थापना एवं विकास करने तथा दो वर्षों तक लगातार कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के अन्तर कृषि महाविद्यालय खेल–कूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र से दिनांक 08.05.2018 को सम्मानित किया गया।

4 डॉ. पी.सी मीणा, सहायक प्राध्यापक को कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर में पुस्तकालय के विकास करने हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रशस्ति–पत्र से दिनांक 08.05.2018 को सम्मानित किया गया।

5 श्री अनिरूद्ध चौधरी, प्रयोगशाला सहायक को कृषि महाविद्यालय सुमेरपुर में कम्प्युटर प्रयोगशाला के विकास करने हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र से दिनांक 08.05.2018 को सम्मानित किया गया।

6 Dr. Dinesh Kumar awarded Dr. D.S. Kothari Postdoctoral Fellowship of University Grant Commission (UGC), Government of India, New Delhi. (Awarded on April 03, 2018, 75th List) (Ref. No.F.4-2/2006 (BSR)/MA/17-18/0017).

7 Dr. Dinesh Kumar awarded the International Open Arms travel grant (amount of grant is BRL 8,800.00 (Brazilian Reals) by IMPA and the Brazilian Mathematical Society, to attain ICM 2018 from 1st to 9th August, 2018, Rio de Janeiro, Brazil.

4.2.10 शिक्षण एवं प्रशिक्षण

विभिन्न लक्षित लाभार्थियों के लिए सूचना के प्रसार हेतु कृषि विभाग एवं आत्मा, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में कृषि महाविद्यालय, सुमेरपुर के सहायक प्रोफेसरों के द्वारा व्याख्यान।

प्रशिक्षण का नाम	प्रशिक्षण की तारीख	विषय पर व्याख्यान	प्रशिक्षण स्थान
आत्मा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण	08.02.2018	जल बचत एवं ड्रीप सिंचाई पद्धति	कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, सुमेरपुर
आत्मा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण	09.02.2018	रेपिड कम्पोस्टिंग विधि एवं जैव उर्वरक का महत्व	कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, सुमेरपुर
आत्मा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण	15.03.2018	समन्वित पोषक प्रबंधन	कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, सुमेरपुर
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) खरीफ 2018 – 19 दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण	10.08.2018	खरीफ फसलों में समन्वित पौषक तत्व प्रबंधन	कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, सुमेरपुर
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) खरीफ 2018 – 19 दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण	16.08.2018	मृदा स्वास्थ्य कार्ड हेतु मृदा नमूना लेने की विधि	कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, सुमेरपुर

प्रशिक्षण का नाम	प्रशिक्षण की तारीख	विषय पर व्याख्यान	प्रशिक्षण स्थान
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) खरीफ 2018 – 19 दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण	20.08.2018	मृदा नमूना एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड	अनुकूलन परीक्षण केन्द्र, सुमेरपुर
राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) खरीफ 2018 – 19 दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण	21.08.2018	फसलों में पोषक तत्वों की कमी के लक्षण एवं निवारण	अनुकूलन परीक्षण केन्द्र, सुमेरपुर

4.3 कृषि महाविद्यालय, नागौर

माननीय मुख्यमंत्री महोदया की बजट घोषणा वर्ष 2015–16 के बिन्दु संख्या–77 की पालना में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के अधीन कृषि महाविद्यालय, नागौर की स्थापना की गई। कृषि महाविद्यालय, नागौर में कुल 175 विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं। इस प्रकार वर्तमान में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष का शिक्षण कार्य संचालित है। वर्तमान में महाविद्यालय अपने नवनिर्मित परिसर में संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय स्तर पर पद भरने हेतु आवश्यक कार्यवाही अधिकांश विषयों हेतु पूर्ण कर ली गई है तथा वर्तमान में शिक्षण कार्य उन्हीं के द्वारा संचालित किया जा रहा है। साथ ही कुछ विषयों के अध्यापन हेतु शिक्षण कार्य गेस्ट फैकल्टी द्वारा सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।

महाविद्यालय के उद्देश्य

1. उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कराना
2. शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों (खेल–कूद, राष्ट्रीय सेवा योजना) में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाना ।
3. विद्यार्थियों को उच्चशिक्षा एवं रोजगार हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाना।
4. राष्ट्र के लिए अच्छे प्रशासक तैयार करना।

4.3.1 स्वीकृत एवं रिक्तपदों का विवरण

अ. शैक्षणिक पदों का विवरण

पद का नाम	स्वीकृत पद	भरे हुए पद	रिक्त पद
सहायक आचार्य	10	10	–
सह–आचार्य	02	02	–
आचार्य	01	00	01

ब. गैर–शैक्षणिक पदों का विवरण

पद का नाम	स्वीकृत पदों की संख्या	भरे हुए पदों की संख्या	रिक्त पदों की संख्या
प्रयोगशाला सहायक+	04	04	–
निजी सहायक	01	00	01
कनिष्ठ लिपिक	01	01	00
फार्म मैनेजर	–	–	–
पम्प ऑपरेटर	–	–	–
पुस्तकालय सहायक	01	00	01
कृषि पर्यवेक्षक	01	01	00
वाहन चालक	.	.	.

+ विरुद्ध पद, 'संविदा पर REXO द्वारा

4.3.2 शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र–छात्राओं की संख्या

4.3.2.1 स्नात्तक कार्यक्रम

अ. लड़कों की संख्या

कक्षा	सामान्य वर्ग	एस.बी. सी.	अ.पि. व.	अनु. जाति	अनु. जनजाति	कुल
प्रथम वर्ष	02	00	20	08	00	30
द्वितीय वर्ष	01	00	17	06	01	25
तृतीय वर्ष	06	04	18	06	02	36
चतुर्थ वर्ष	03	16	00	05	04	28
कुल योग						**119**

ब. लड़कियों की संख्या

कक्षा	सामान्य वर्ग	एस.बी. सी.	अ.पि. व.	अनु. जाति	अनु. जनजाति	कुल
प्रथम वर्ष	01	00	14	00	01	16
द्वितीय वर्ष	02	00	13	02	02	19
तृतीय वर्ष	00	01	09	00	00	10
चतुर्थ वर्ष	02	00	04	02	01	09
कुल योग						**54**

4.3.2.2 स्नातकोत्तर कार्यक्रम

अ. लड़कों की संख्या

विषय	सामान्य वर्ग	एस.बी. सी.	अ.पि. व.	अनु. जाति	अनु. जनजाति	कुल
खाद्य प्रौद्योगिकी	02	0	0	0	0	02
कुल योग						**02**

ब. लड़कियों की संख्या

विषय	सामान्य वर्ग	एस.बी. सी.	अ.पि. व.	अनु. जाति	अनु. जनजाति	कुल
खाद्य प्रौद्योगिकी	00	0	0	0	0	00
कुल योग						00

4.3.3 विभाग के प्रमुख कार्य तथा प्रत्येक कार्य के विरूद्ध वर्ष 2018–19 की प्रगति

- कृषि महाविद्यालय नागौर का शिक्षण कार्य अपने नवीन भवन में प्रारम्भ हो चुका है।
- फूड साइंस में स्नातकोत्तर पाठयक्रम प्रारम्भ किया गया।
- महाविद्यालय परिसर में फुटबॉल एवं क्रिकेट हेतु खेल मैदान बनवाया गया।
- जल संग्रहण हेतु लगभग 30 लाख लीटर क्षमता की तीन डिग्गियाँ बनवाई गई।
- प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष बी.एस.सी. (कृषि) के प्रथम मध्य समयावधि (मिडटर्म) की परीक्षाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा प्रायोगिक परीक्षाएँ नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है।
- एम.एस.सी. फूड साइंस के छात्रों प्रथम मध्य समयावधि (मिडटर्म) की परीक्षाएँ पूर्ण हो चुकी हैं तथा प्रायोगिक परीक्षाएं नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित है।
- महाविद्यालय अध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव कक्षा प्रतिनिधि चयन का चुनाव सितम्बर माह में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।
- विद्यार्थियों को समसामयिक घटनाओं एवं तथ्यों इत्यादि की जानकारी से अवगत करवाने हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र, पत्रिकाएँ एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु पुस्तकें भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं।
- शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य हेतु एल.सी.डी. प्रोजेक्टर का उपयोग कर पावर–पाईन्ट प्रेजेन्टेशन द्वारा शिक्षण कार्य करवाया जा रहा हैं।
- कम्प्यूटर प्रयोगशाला की स्थापना कर विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा का ज्ञान प्रदान करवाया जा रहा है।
- बच्चों के शारीरिक विकास हेतु खेल–कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, कबड्डी, टेबल टेनिस, शतरंज, वॉलीबॉल इत्यादि खेल सम्मिलित हैं।
- राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा पौध रोपण करवाया गया एवं समय–समय पर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया।
- महाविद्यालय परिसर में 120 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित किया गया है जिससे महाविद्यालय के साथ–साथ अन्य संस्थानों को भी बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी।

4.3.3.1 विद्यार्थियों का शैक्षणिक प्रदर्शन

कक्षा	विद्यार्थियों की संख्या एवं प्राप्तांक प्रतिशत					कुल विद्यार्थी	टिप्पणी
	50 से कम	51 से 60	61 से 70	71 से 80	81 प्रतिशत से अधिक		
बी.एससी.(ऑनर्स) कृषि							
प्रथम वर्ष	0	17	23	08	0	48	परिणाम घोषित
द्वितीय वर्ष	0	09	26	06	0	41	परिणाम घोषित
तृतीय वर्ष	0	11	20	05	0	36	परिणाम घोषित

4.3.3.2 छात्रवृत्ति विवरण

कृषि महाविद्यालय नागौर, के छात्र–छात्राएँ छात्रवृत्ति में भी अपनी अग्रणी भूमिका अदा करते है। कृषि विभाग राजस्थान सरकार द्वारा छात्राओं के अध्ययन हेतु प्रोत्साहन राशि स्वरूप कुल 54 छात्राओं को रु. 12,000/– प्रति वर्ष दी जा रही है। इसके साथ ही एक छात्र को विज्ञान एवं तकनिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा इन्सपायर छात्रवृत्ति दी जा रही है। इसके अलावा MHRD छात्रवृत्ति कई विद्यार्थियों ने आवेदन कर रखा है। जिसके परिणाम अभी अपेक्षित है। समाज कल्याण विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति में SC के 16] ST के 06 एवं OBC/General के 30 छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति की सुविधा दी जा रही है।

4.3.3.3 महत्वपूर्ण दिवसों एवं कार्यक्रमों का आयोजन/पखवाड़ा

4.3.3.3.1 योग दिवस का आयोजन

योग दिवस का आयोजन 21 जून को कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र परिसर पर किया गया। इस कार्यक्रम के अधिष्ठाता

महोदय, डॉ. महेश कुमार पूनिया, डॉ. कानसिंह राठौड़, डॉ. मदन मोहन कुमावत एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता महोदय ने योग से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया।

4.3.3.3.2 सात दिवसीय स्वच्छ भारत ग्रीष्म कालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, नागौर द्वारा ''स्वच्छ भारत ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम'' का आयोजन 2 जुलाई से 8 जुलाई, 2018 तक गोगेलाव ग्राम में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति महोदय, डॉ. बलराज सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत में पारिस्थिति तंत्र में होने वाले बदलाव जैसे– जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण व सूखे की समस्या के प्रमुख कारण तथा इन सभी समस्याओं के समाधान पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय अधिष्ठाता, डॉ. महेश कुमार पूनिया ने प्लास्टिक कचरे की समस्या तथा उसके समाधान पर जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच पोखराज जी, ग्रामीण जन एवं महाविद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे। विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों ने मिलकर सम्पूर्ण गाँव के अपशिष्ट पदार्थ, प्लास्टिक कचरा व गंदे पानी के निकास की समस्या का निस्तारण तथा सफाई कर मुख्य सड़क के दोनों तरफ पौधारोपण किया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर व कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, नागौर में सफाई अभियान चलाकर परिसर क्षेत्र को साफ–सुथरा किया गया एवं मुख्य सड़क के चारों तरफ सफाई की गई।

4.3.3.3.3 गाँधी जयंती पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, नागौर, कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, नागौर तथा कृषि विज्ञान केन्द्र, अठियासन में गाँधी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. महेश कुमार पूनिया ने विद्यार्थियों को परिसर स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं व समस्त स्टाफ द्वारा सफाई अभियान चलाकर परिसर को साफ–सुथरा किया गया तथा पेड़–पौधों की निराई–गुड़ाई कर पानी देकर पेड़ बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की समाप्ति पर डॉ. अर्जुन सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, ने विद्यार्थियों को अहिंसा एवं सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थी, कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

4.3.3.3.4 वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

कृषि महाविद्यालय, नागौर, कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, कृषि विभाग, नागौर एवं इफको द्वारा माननीय कुलपति महोदय की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत लगभग 200 गुलमोहर तथा नीम के पौधों का वृक्षारोपण किया गया।

4.3.3.3.5 स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

कृषि महाविद्यालय, नागौर एवं कृषि अनुसंधान उप–केन्द्र, नागौर ने सम्मिलित रूप से स्वतंत्रता दिवस मनाया जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. महेश पूनिया ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान के बारे में बताया तथा विद्यार्थी जीवन में

अनुशासन एवं संयम के महत्व को समझाया। इस उपलक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति पेश की।

4.3.3.4 ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम

ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2018–2019 में चतुर्थ वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर में प्रस्तावित है।

4.3.3.5 कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा प्रकाशित पुस्तक, पत्र, लोकप्रिय लेख

1. अनुसंधान पत्र – 30

4.3.3.6 ट्रेनिंग/सेमिनार/लेक्चर

श्री शक्ति सिंह भाटी, सहायक प्रोफेसर ने कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर एवं राजस्थान अनार उत्पादन संघ द्वारा 3–4 अक्टूबर 2018 को आयोजित कार्यशाला (अनार उत्पादन एवं विपणन) में अनार की फसल में सूत्रकृमि प्रबन्धन पर लेक्चर दिया।

4.3.3.7 महाविद्यालय छात्र संघ चुनाव

